




दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन



वर्ष 53/ अंक 127/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरूवार 14 दिसंबर 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## तीनों राज्यों की जीत संघ और मोदी के नाम!

### आरएसएस ने मप्र, छग और राजस्थान में डेढ़ लाख से अधिक सभाएं कीं

भरत पटेल

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की जीत संघ और मोदी के नाम पर हुई है। असल में संघ की दो साल पहले की तैयारी मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को जीत दिलाने में काम



आई। मध्यप्रदेश में शिवराज के एकल चेहरे को लेकर जिस तरह से एंटी इन्कम्बेंसी की बात सामने आ रही थी, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा सामने लाया गया और मोदी की गारंटी को प्रचारित किया गया। यह भी संघ और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ही रणनीति थी, जो सफल साबित हुई। संघ ने तीनों राज्यों में करीब एक लाख सभाएं कीं और भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार किया।

चुनाव घोषित होने के पहले संघ के कुछ प्रमुख प्रतिनिधियों ने गृहमंत्री अमित शाह से विस्तृत चर्चा की थी और कहा था कि आप जोर शोर से चुनाव लड़िए जीत हम दिलाएंगे। संघ ने साफ कहा था कि दोनों राज्यों में जीत पक्की है और इसके पीछे उनकी रणनीति तथा उस पर अमल की प्रतिबद्धता रही। टिकट बंटने के बाद संघ ने 147 सीटों की प्रांतवार सूची पार्टी को दी, जहां उन्हें जीत की संभावना अधिक नजर आ रही थी। निवृत्तमान सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी अपने खास विधायकों को कहा था कि हमारी डेढ़ सौ सीटें पक्की हैं। उन्होंने एक विशेष पंपलेट महाकौशल के एक विधायक के क्षेत्र में बंटवाया और दूसरा पूरे प्रदेश में भी बंटवाया जो लाडली बहनों से संबंधित था। वो बिल्कुल निश्चिंत थे कि भाजपा की सरकार बन रही है।

संघ ने छत्तीसगढ़ में एंटी इन्कम्बेंसी के साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के बीच आपसी मतभेद, अंदरूनी विवाद का भी पूरा फायदा उठाया और इसे प्रचारित भी किया। राजस्थान में भी तत्कालीन सीएम गहलोत और सचिन पायलट के बीच विवाद एवं एंटी इन्कम्बेंसी का फायदा उठाया गया। साथ ही बूथ प्रबंधन पर ध्यान दिया गया।

मध्यप्रदेश की बात करें तो भाजपा के पूरे देश से दो सौ तीस विधायकों को हर विधानसभा क्षेत्र में भेजा गया। साथ ही विभिन्न प्रांतों से पार्षद गणों को भी हर क्षेत्र में काम करने के लिए भेजा गया। प्रदेश में राज्य के बाहर के दस से बारह कार्यकर्ता हर क्षेत्र में तैनात थे, सबको ताकीद किया कि चाहे एक माह रहें या तीन माह, न वो प्रत्याशी से वाहन मांगेगा, न रुकने की व्यवस्था लेगा, हो सके तो मिलेगा भी नहीं। अमूमन ये प्रभारी पार्टी के प्रत्याशियों से एक या दो बार ही मिले होंगे, उसमें भी परिचय का आदान-प्रदान हुआ। जम्मू कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के कार्यकर्ताओं को यहां भेजा गया, जिन्होंने लगातार बैठकें की और सभाएं भी लीं। इनमें करीब तीस प्रतिशत महिलाएं भी आईं। खास बात यह रही कि इन्हें जहां से भेजा गया था, वहीं से पार्टी की ओर से खर्चा दिया गया। साफ कहा गया था कि वहां जाकर किसी पर निर्भर नहीं रहना। साथ ही सही रिपोर्ट तैयार करना है। यही किया गया।

भाजपा और संघ ने हर बूथ का सर्वे कराया था, कितने वोट हमें मिलेंगे और कितने नहीं मिलेंगे। प्रदेश के 82 हजार बूथों का सर्वे हुआ था। इससे मिले आंकड़ों के आधार पर ही आगे काम किया गया। ये डेटा भाजपा और संघ ने मिलकर तैयार किया, उसका विश्लेषण किया। डेटा पैंतालीस दिनों में तैयार हुआ। यह डेटा बैंक भोपाल में रखा हुआ है। एक-एक वोट पर भाजपा और संघ ने मेहनत की, ताकि बूथ लेवल पर जीत प्राप्त हो सके।

संघ ने ये तैयारी चुनाव से छह माह पहले ही कर ली थी और लोगों को क्षेत्र अलाट कर दिए थे। जहां जा रहे हैं, वहां के लोगों के बारे में उन्हें बता दिया गया था। हर व्यक्ति डेढ़ से तीन महीने क्षेत्र में ही रहा और उसने न केवल वहां का माहौल बदलने में अपनी भूमिका अदा की, अपितु समय-समय पर पार्टी नेतृत्व और संघ को रिपोर्ट भी दी। इसी के सहारे रणनीति में बदलाव किया गया और उम्मीदवार की जीत तय की गई।

### और अंत में

जहां तक मुख्यमंत्री मोहन यादव की बात है, तो दो साल पहले से मध्यप्रदेश के विधायकों के डेटा बैंक के तकनीकी सर्च में उनका नाम पहले नंबर पर आया था। ग्यारह महीने पहले भी इनका नाम फिर से पहले नंबर पर आया। मोहन यादव को जिताने के लिए गुजरात के एक मंत्री को तीन-चार महीने पहले उज्जैन भेजा गया था। वो लगातार क्षेत्र पर नजर रखे रहे, आते-जाते रहे, ताकि उनकी जीत में किसी प्रकार की शंका न रहे। इसी तरह राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा के नाम भी छह महीने पहले सर्च में आ चुके थे। यही कारण रहा कि उन्हें उपमुख्यमंत्री पद से नवाजा गया।

## तीन आईपीएस को अतिरिक्त प्रभार

**भोपाल।** राज्य शासन ने तीन आईपीएस को अतिरिक्त प्रभार देने के आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग ने गुरुवार सुबह यह आदेश जारी किए। निश्चल झारिया (सेनानी, 25वीं वाहिनी, विसबल, भोपाल) को सेनानी, 23वीं वाहिनी विसबल, भोपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शिवदयाल सिंह (14वीं वाहिनी विसबल, ग्वालियर) को सेनानी, 17वीं वाहिनी विसबल, भिंड, विनीत कुमार जैन (सेनानी, 13वीं वाहिनी विसबल, ग्वालियर) को सेनानी, 5वीं वाहिनी विसबल, मुरैना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।





### मप्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से

# गोपाल भार्गव बने एमपी के प्रोटेम स्पीकर

**भोपाल।** भाजपा के सबसे सीनियर व रहली से नौ बार के विधायक गोपाल भार्गव ने गुरुवार को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ ली। सुबह 11 बजे राजभवन में गवर्नर मंगुभाई पटेल ने उनको शपथ दिलाई। नई विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से शुरू होगा, जो 21 दिसंबर तक चलेगा। प्रोटेम स्पीकर के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए।



विधानसभा सत्र के पहले दिन विधानसभा के पूर्णकालिक अध्यक्ष और नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। नरेंद्र सिंह तोमर स्पीकर पद की शपथ लेंगे। वही इस सत्र का संचालन करेंगे। इसके लिए अधिसूचना आज ही जारी की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर वीडियो कान्फ्रेंस ली

## खुले बोरवेल के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में कमिश्नर और कलेक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंस की। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा- विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत 16 दिसंबर को उज्जैन के दशहरा मैदान से होगी। सभी कलेक्टर यात्रा से संबंधित समितियों के गठन और अन्य कार्रवाई पूरी कर लें।

सीएम ने खुले बोरवेल के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। उन्होंने कहा- खुले बोरवेल मिलें तो सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इसको लेकर वे शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करेंगे। उन्होंने कलेक्टरों को यात्रा में होने वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की रिपोर्ट समितियों के माध्यम से भेजने को कहा। मुख्यमंत्री इसके बाद एसीएस की बैठक लेंगे।



### रक्षा चूक मामले में संसद में हंगामा, मोदी ने ली उच्चस्तरीय बैठक

# डेरेक ओ ब्रायन पूरे सत्र के लिए राज्यसभा से सस्पेंड

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन गुरुवार की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने संसद सुरक्षा चूक के मामले में हंगामा किया। राज्यसभा में



टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन वेल में आ गए, जिससे स्पीकर जगदीप धनखड़ नाराज हो गए। उन्होंने डेरेक को सदन से बाहर जाने को कहा।



इसके बाद डेरेक को बचे हुए सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया। उधर पीएम मोदी संसद पहुंचे और उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और अनुराग ठाकुर मौजूद रहे।

लोकसभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा सांसदों को ध्यान रखना होगा कि वे ऐसे लोगों को संसद में दाखिल होने का पास न दें, जिनकी वजह से अराजकता फैलने का डर हो। लोकसभा स्पीकर ने विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच सभी को आश्वासन दिलाया कि सबकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी है।

### लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सांसद नारेबाजी करने लगे

जैसे ही स्पीकर ओम बिड़ला लोकसभा पहुंचे तो विपक्षी सांसदों ने संसद की सुरक्षा को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफ की मांग की। ओम बिड़ला ने सभी को शांति बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि कल हुई घटना से सभी चिंतित हैं, ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी और इस पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते सबकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि सभी ने कल की घटना की निंदा की है। स्पीकर ने मामले का संज्ञान ले लिया है। हमें सतर्क रहना होगा कि हम संसद में दाखिल होने के लिए किसे पास मुहैया कर पाते हैं। सांसदों को ध्यान रखना होगा कि ऐसे लोगों को पास न दें जो अराजक माहौल पैदा कर सकें। भविष्य में सारी सावधानी बरती जाएगी।

### राज्यसभा में भी सभापति ने टीएमसी सांसद को राज्यसभा से निकाला

लोकसभा की ही तरह राज्यसभा में भी विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया। सांसदों ने नारे लगाते हुए संसद की सुरक्षा के मुद्दे पर बहस की मांग की। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन सदन के वेल में आ गए। इस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कड़ी आपत्ति जताई। उनके न मानने पर सभापति ने उन्हें फौरन सदन से बाहर जाने को कहा।

### घुसपैठ केस में 8 सुरक्षाकर्मी सस्पेंड

13 दिसंबर को संसद में घुसपैठ मामले में संसद सचिवालय ने गुरुवार को 8 सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इनके नाम रामपाल, अरविंद, वीर दास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित और नरेंद्र हैं। घटना के बाद पार्लियामेंट के अंदर और बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। गुरुवार को संसद के अंदर जाने वालों की जूते उतरवाकर चेकिंग की गई।

## थोक मुद्रास्फीति नवंबर महीने में आठ महीने के उच्चतम स्तर पर, 0.26प्रतिशत पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की ओर से 14 दिसंबर को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की थोक मुद्रास्फीति मार्च 2023 के बाद पहली बार ऋणात्मक स्थिति से बाहर निकल गई और नवंबर में बढ़कर 0.26 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति अक्टूबर 2023 में -0.52 प्रतिशत और नवंबर 2022 में 6.12 प्रतिशत पर थी। थोक मुद्रास्फीति की दर नवंबर महीने में 0.26 प्रतिशत रही जो आठ महीने में सबसे अधिक है।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के



आंकड़े सांख्यिकी मंत्रालय के उस बयान के दो दिन बाद आए हैं जिसमें उसने कहा था कि खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में तीन महीने के निचले स्तर 5.55 प्रतिशत पर आ गई है। यह जुलाई के 15 महीने के उच्च स्तर 7.44 प्रतिशत से अब भी 189 आधार अंक कम है। इसी अवधि में थोक मुद्रास्फीति में 149 आधार अंकों की बढ़ोतरी हुई है। एक आधार बिंदु प्रतिशत बिंदु का सौवां हिस्सा है।

नवंबर में खाद्य पदार्थों, खनिज, मशीनरी और उपकरण, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑप्टिकल उत्पादों, मोटर वाहनों, अन्य उपकरणों और अन्य विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति एक साल पहले की तुलना में 0.26 प्रतिशत बढ़ी।

## बालाघाट में 14 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**बालाघाट।** बालाघाट में पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली चैतु उर्फ मड़काम हिड़मा को मुठभेड़ में मार गिराया। वह मलाजखंड दलम का सक्रिय सदस्य था और कई नक्सली वारदात में शामिल था।



मुठभेड़ मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे कान्हा नेशनल पार्क के सूपखार इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे हुई। मुखबिर से सूचना मिली थी कि सूपखार के खमको दादर जंगल में नक्सली इकट्ठा हुए हैं। वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस इनपुट पर हॉक फोर्स ने ऑपरेशन नक्सली शुरू किया। जवानों ने इलाके को घेर लिया और नक्सलियों को सरेंडर करने के लिए कहा। नक्सलियों ने हॉक फोर्स पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग के बाद वे भाग निकले। तलाशी अभियान में एक नक्सली का शव बरामद किया गया। उसकी पहचान चैतु उर्फ मड़काम हिड़मा के रूप में हुई।

## कांग्रेस हाईकमान तय करेगा नेता प्रतिपक्ष

### विधायक दल की बैठक में एक लाइन का प्रस्ताव पारित, कमलनाथ शामिल नहीं हुए

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में हुई। सुबह तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे शुरू हुई इस बैठक में हालिया विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के कारणों के साथ विधायक दल के नेता के चयन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष कमल नाथ इस बैठक में शामिल नहीं हो पाए। बैठक में एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें कहा गया कि विधायक दल के नेता का चयन केंद्रीय नेतृत्व करेगा। बैठक में पीसीसी चीफ कमलनाथ शामिल नहीं हुए। कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने बताया कि कमलनाथ का कार्यक्रम छिंदवाड़ा जिले में पहले से तय है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस में आदिवासी विधायक को नेता प्रतिपक्ष पद देने पर विचार हो रहा है। हालांकि, कांग्रेस में ओबीसी चेहरे के तौर पर विजयपुर विधायक रामनिवास रावत का नाम भी चर्चा में हैं। वहीं, संसदीय मामलों में अनुभवी नेताओं के तौर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और अमरपाटन से विधायक राजेंद्र कुमार सिंह को लेकर भी अंदरखाने विचार हो रहा है।



## बड़ी झील का सौंदय

भोपाल। राजधानी भोपाल में बड़ी झील का सौंदर्य इन दिनों और निखरता दिखाई दे रहा है। यहां सुबह कोहरे के साथ दिन की शुरुआत में मौसम का आनंद और भी बढ़ जाता है। लोग दिन में झील किनारे पहुचंते और बोटिंग का भी आनंद उठाते है।



# कलयुग में केवल सनातन धर्म ही सत्य है समझे और पढ़े: वेंकेटश महाराज



### पंचमुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर पर चल रही तीन दिवसी श्रीहनुमत कथा

**संत हिरदाराम नगर।** गांधीनगर स्थित पंचमुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत मोहनदास त्यागी रामजी महाराज की पुण्य स्मृति पर आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमत कथा के दूसरे दिन चित्रकूट धाम से पधारे श्रीराम कथा के प्रवक्ता वेंकटेश महाराज ने कथा में संकट मोचन भगवान हनुमान का वर्णन किया और बताया कि हनुमान महाराज ने लंका को कैसे पार किया था उसका पूरा वर्णन विस्तार से किया और लंका जाते समय किस किस से प्रभु हनुमान महाराज की भेंट हुई। हनुमान महाराज ने मसक समान रूप धर लिया और लंका में प्रवेश कर गए इस कथा से हम सभी को एक सीख मिलती हैं कि जब भी कोई बड़ा कार्य करें तो अपना रूप छोटा बना लें। ये प्रेरणा हमें श्रीराम कथा और भक्ति मार्ग पर चलने के बाद ही हासिल होगी। इसलिये सभी सनातन धर्म को समझे और इसे कलयुग में सिर्फ सनातन धर्म ही सत्य हैं। कथा स्थल पर रामजी महाराज की सुपुत्री बाल व्यास निधि किशोरी उपस्थित थी कथा सुनने गांधीनगर के अलावा भोपाल, संत हिरदाराम नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से भक्तगण पहुँच रहे है।

# ऊर्जा संरक्षण दिवस पर छात्राओं को जागरूक किया और दिलायी शपथ



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में बुधवार को गणित विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की बी.ए.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा आयुषी चतुर्वेदी ने ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के उद्देश्य, ऊर्जा संरक्षण का व्यवहारिक रूप, ऊर्जा संरक्षण के गैर नवीकरणीय संसाधनों के स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उपयोग, ऊर्जा के सीमित उपयोग के विषय में विस्तृत व्याखान दिया। इसके साथ ही कॉलेज में उपस्थित सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण के लिए संकल्प लिया। महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने, ऊर्जा की खपत कम करने तथा इसका कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने सेन्ट्रल रीजन भारत को जानो प्रतियोगिता में भाग लिया इस प्रतियोगिता में छात्र अभिषेक बघेल एवं छात्र हर्ष यादव ने बाजी मारकर विद्यालय व नगर का नाम रोशन किया। भारत को जानो प्रतियोगिता जो भोपाल स्तर पर आयोजित की गई थी इस प्रतियोगिता में 8 स्कूलों ने भाग लिया था जिसमें साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरान्वित किया था इन विद्यार्थियों ने एक बार फिर से रीजन स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। 10 दिसम्बर को सेन्ट्रल रीजन स्तर पर जबलपुर मे भारत को जानो प्रतियोगिता हुई जिस में छात्र अभिषेक बघेल एवं छात्र हर्ष यादव ने प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अनुगूंज 2023 का आयोजन आज से

भोपाल। मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कला से समृद्ध शिक्षा के तहत प्रतिवर्ष की तरह शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगज का आयोजन आगामी 14 और 15 दिसम्बर को किया जायेगा। वर्ड क्लासिक्स की केन्द्रीय थीम से सजे अनुगूंज का यह पॉचवा आयोजन है। प्रथम दिवस 14 दिसंबर को अनुगूंज के धनक भाग में वाद्यवृन्द , गीत संगीत की जुगलबंदी, भारत के विविध शास्त्रीय नृत्य, फ्यूज़न और पश्चिमी नृत्य आदि प्रस्तुतियाँ होंगी। वहीं द्वितीय दिवस %रंगकार% के अंतर्गत छाऊ शैली में नृत्य नाटिका, और नाट्य प्रस्तुति के साथ ही बैंड की प्रस्तुति भी विद्यार्थियों द्वारा दी जायेगी। अनुगूँज के सृजन भाग में माटीकला कार्यशाला, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी कार्यशाला, एंकर कार्यशाला और चित्रकला कार्यशालाओं में अपने हुनर को तराशते विद्यार्थियों की सहज अभिव्यक्ति और उनकी कलात्मक अभिरूचियों से एक प्रदर्शनी में सजाया गया है। अनुगूंज का यह पॉचवा आयोजन शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, भोपाल में किया जा रहा है, जिसमें शासकीय विद्यालयों के लगभग 700 से विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मणिपुर और नागालैण्ड, की लोककथा पर आधारित नाटक काबुई केओईबा में वेशभूषा, रंग सामग्री, मंच सज्जा तथा संगीत आदि का समग्र प्रभाव काबुई जनजाति के संसार का प्रत्यक्ष अनुभव देगा। नाटक का निर्देशन और परिकल्पना ख्यात रंग निदेशक श्री सौरभ अनंत का है और इस प्रस्तुति में लगभग 50 विद्यार्थी अभिनय कर रहे हैं। द्वितीय दिवस ही मयूरभंज छाऊ शैली में प्रस्तुत की जाने वाली नृत्य नाटिका चक्रव्यूह में महाभारत के अभिमन्यु प्रसंग को मंचित किया जायेगा। भोपाल की विभिन्न शासकीय शालाओं के लगभग 75 विद्यार्थियों की सहभागिता में मंचित हो रही इस प्रस्तुति का निर्देशन वरिष्ठ नृत्य निदेशक श्री दयानिधि मोहन्ता ने किया है।

# ऊर्जा हानियों का स्तर कम किया जाए: प्रबंध संचालक

**भोपाल।** ऊर्जा हमारे जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। ऊर्जा ने विभिन्न रूपों में हमारी जीवन-शैली में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। इन विभिन्न रूपों में बिजली, ऊर्जा का वह प्रकार है जो सुगमता से उपलब्ध है। यही कारण है कि ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोतों को भी बिजली में बदलकर उसका उपयोग प्रकाश, यातायात, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, कृषि जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के साथ मनोरंजन, दूरसंचार एवं पर्यटन जैसे सुख-साधन में भी किया जा रहा है। यह संदेश मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री गणेश शंकर मिश्रा ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह (14 से 21 दिसम्बर) के अंतर्गत उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए जारी किया है।

प्रबंध संचालक ने बताया है कि ऊर्जा बचत और ऊर्जा दक्षता के लाभों को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने मध्यप्रदेश में ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न उपाय लागू करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। भारत शासन के ऊर्जा मंत्रालय के अधीन स्वायत्तशासी निकाय ''ऊर्जा दक्षता ब्यूरों'' ने विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा बचत को ध्यान में रखते हुए योजनाएं प्रारंभ की हैं। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विभिन्न उपकरणों में ऊर्जा दक्षता की रेटिंग के लिए बीईई स्टार लेबल जारी किए हैं। यह स्टार लेबल ऊर्जा दक्षता के रेटिंग के मानकीकरण और मानक परीक्षण परिस्थितियों में ऊर्जा की खपत को इंगित करने के लिए बनाये गये हैं। रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर तथा अन्य ऊर्जा उपकरण खरीदते समय आपने इन बीईई स्टार लेबल को अवश्य देखा होगा, 5 स्टार का मतलब सबसे अधिक ऊर्जा दक्ष उपकरण और उससे कम स्टार पर उससे कम दक्ष उपकरण। अधिक ऊर्जा दक्ष उपकरण से ऊर्जा खपत में अधिक कमी कर धनराशि को बचाया जा सकता है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि एक अनुमान के अनुसार विद्युत के गुणवत्तापूर्ण उपयोग तथा उचित प्रबंधन और अनावश्यक उपयोग पर अंकुश लगाकर औद्योगिक क्षेत्र में 20 से 25 प्रतिशत, कृषि क्षेत्र में 25 से 30 प्रतिशत तथा घरेलू एवं वाणिज्यिक क्षेत्र में 15 से 20 प्रतिशत तक बिजली की बचत की जा सकती है। यदि हम ऊर्जा हानियों में कमी ला सकें और उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित कर सकें, तो प्रदेश का हित ऊर्जा क्षेत्र में और अधिक कर सकते हैं।




भोपाल। ऑल इंडिया उमन कॉन्फ्रेंश द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

# आम जन के लिए डाकघर की हर घर खाता की आकर्षक योजना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

डाक विभाग द्वारा लघु बचत योजनाओं से आमजन को परिचित कराने के लिए हर घर खाता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गृहणी, कामगार, व्यवसायी, दैनिक वेतन भोगी, विद्यार्थियों एवं आमजन के पीपीएफ खाते, नागरिकों के बचत खाते, आवर्ती खाते एवं सावधि खाते खोले जा रहे है। डाकघर ने आमजन से हर घर खाता अभियान के तहत डाकघर की आकर्षक योजनाओं का लाभ खाता लेने की अपील की है। इनमें उच्च व्याज दर वाली डाक विभाग की जनकल्याणकारी बचत योजनायें शामिल है।

डाकघर आवर्ती जमा योजना-मात्र 1450 प्रति माह जमा कर 5 वर्ष उपरांत लखपति (ब्याज दर-5.8 प्रतिशत) बना जा सकता है। बचत बैंक मात्र 500 रूपये से खुलवाकर चेकबुक एटीएम, ऑनलाईन बैंकिंग सुविधा (ब्याज दर 4 प्रतिशत) ली जा सकती है। 1,2,3 एवं 5 वर्षीय टाईम डिपॉजिट (ब्याज दर-5.5 से 6.7 प्रतिशत) योजना भी है जिसके लिए न्यूनतम 1000 प्रतिमाह एवं अधिकतम कोई सीमा नहीं रखी गई है। 5 वर्षीय मंथली इनकम स्कीम (एमआईएस) (ब्याज दर - 6.6 प्रतिशत) न्यूनतम 1000 रुपए एवं अधिकतम सीमा 4.5 लाख एकल खाते के लिए, 9.0 लाख ज्वांइट खाते हेतु योजना भी संचालित है। सीनियर सिटीजन एवं रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए5 वर्षीय सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम (ब्याज दर 7.6 प्रतिशत) मिनिमम डिपॉजिट राशि 1000 रुपये अधिकतम 15 लाख भी लोकप्रिय है, जिसमें ब्याज की। वापसी त्रैमासिक स्तर पर होती है, 21 वर्षीय सुकन्या समृद्धि योजना ब्याज योजना ब्याज दर- 7.6 प्रतिशत के लिए खाता खोलने की राशि मात्र 250 रुपये है। आयकर 80 सी की इस योजना में अधिकतम 1.5 लाख प्रतिवर्ष तथा जमा अवधि 15 वर्ष है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में 250 रूपये से नागरिक प्रीमियम खाता खुलवा सकते है। फ्री डोर स्टेप सर्विस/असीमित जमा निकासी की सुविधा भी दी गई है। डाकघर में मात्र 299 एवं 399 रुपये में 10 लाख का दुर्घटना बीमा कराया जा सकता है। इस प्रकार डाक विभाग एवं भारत सरकार के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा दुर्घटना बीमा के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की गई हैं, जिसके तहत 299 एव 399 रुपये प्रतिवर्ष की मामूली दर पर दुर्घटना बीमा के तहत ग्रुप एक्सीडेंट पॉलिसी जारी की जाती हैं। इस पॉलिसी में बीमा धारक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर क्लेम से लेकर अस्पताल के इलाज के लिए तुरंत राशि उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होना या लकवा होने पर 10 लाख तक का क्लेम किया जा सकता हैं। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती होने पर ईलाज खर्च के लिए 60 हजार और ओपीडी इलाज के 30 हजार रूपये दिये जाएँगें। इस प्रकार 10 लाख के दुर्घटना बीमा के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की गई हैं।



भोपाल। नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा से आशीर्वाद लिया।



विंध्य की पहचान और विकास पुरुष उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जी को पदीय दायित्व ग्रहण करने पर बधाई दी एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।



उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल का अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार ने स्वागत किया।

# सीएम मोहन यादव के सात घंटे में सात बड़े निर्णय, अब तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर से न अजान होगी न भजन

## नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के पहले आदेश में दिखी कड़े निर्णयों की झलक

### निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध उड़नदस्ते बनाकर चलाया जाएगा अभियान

### मंत्रालय में पूजन के बाद विधिवत पदभार ग्रहण कर कैबिनेट बैठक में लिए कई निर्णय



भोपाल (राज्य ब्यूरो)। शपथ लेते ही नए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव बुधवार को एक्शन में आ गए और सात घंटे के अंदर ही सात बड़े और कड़े निर्णय कर डाले। देर शाम मुख्यमंत्री पद का विधिवत पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सबसे बड़ा आदेश यह दिया कि अब तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर से न तो किसी धार्मिक स्थल से अजान की जा सकेगी, न ही भजन किया जा सकेगा।

उन्होंने सरकारी मशीनरी को निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों पर निर्धारित सीमा से तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकर और किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र पर तत्काल रोक लगाई जाए। इसके लिए उड़नदस्ते बनाकर अभयान चलाया जाए।

अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक के बाद उन्होंने इससे संबंधित फाइल पर सबसे पहले हस्ताक्षर किए और शासन में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डा.राजेश राजौरा ने आदेश जारी कर दिया। उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर के दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सीधे मंत्रालय पहुंचे।

यहां उन्होंने कार्यालय में विधिवत पूजा करने के बाद पदभार ग्रहण किया। इसके बाद कैबिनेट बैठक बुलाई। इसमें उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल के अतिरिक्त मुख्य सचिव वीरा राणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### खुले में मांस-मछली की ब्रिकी पर भी रोक

मुख्यमंत्री ने अपने दूसरे कड़े आदेश में प्रदेश भर में कहीं भी बिना अनुमति मांस और मछली की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने को कहा है। उनके आदेश के अनुसार, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन कर खुले में बिना साफ-सफाई मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी।

15 दिनों में अभियान चलाकर ऐसी दुकानों को बंद कराया जाएगा। धर्म स्थलों से भी नजदीक मांस बेचना प्रतिबंधित होगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आदेश जारी कर कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर तत्काल कार्रवाई आरंभ करें। पुलिस की भी इसमें मदद लें। मुख्यसचिव वीरा राणा प्रतिदिन इसकी समीक्षा करेंगी।

## मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



**भोपाल।** डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने आज भोपाल के श्यामलाहिल्स हिल्स मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग पहुँच कर अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग से जुड़े जन-प्रतिनिधि भी मौजूद थे। डॉ. कुसमरिया को राज्य शासन ने मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. कुसमरिया ने आयोग की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। आयोग मुख्य रूप से प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के लिये हितप्रहरी के रूप में कार्य करता है। इसके साथ ही आयोग राज्य की सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग जातियों की सूचियों में जातियों को जोड़ने एवं विलोपित करने की अनुशंसा राज्य शासन को भेजता है। प्रदेश में कुल आबादी का एक बड़ा हिस्सा पिछड़ा वर्ग से संबंधित है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. कुसमरिया ने कहा कि वे शीघ्र ही जिलों का दौरा कर पिछड़ा वर्ग के कल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वे पिछड़ा वर्ग से जुड़े स्थानीय जन-प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी दिक्कतों को समझेंगे और सुझाव प्राप्त करेंगे।




# महाविद्यालयों को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस के रूप में किया जाएगा उन्नयन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक आज शाम को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर संचालित अग्रणी/चिन्हित महाविद्यालयों को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस के रूप में उन्नयन किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। वर्तमान में प्रदेश में कुल 570 शासकीय महाविद्यालय संचालित है। प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर संचालित अग्रणी/चिन्हित महाविद्यालयों में सभी संकायों में सुविधाओं में वृद्धि करते हुए अग्रणी/चिन्हित महाविद्यालयों को 卐पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस के रूप में उन्नयन किया जाएगा। इस पर अनावर्ती व्यय 312 करोड़ 56 लाख रूपए एवं आवर्ती व्यय 147 करोड़ 84 लाख रूपए इस प्रकार कुल राशि 460 करोड़ 40 लाख रूपए का व्यय अनुमानित है। उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित शासकीय/निजी विश्वविद्यालयों में छात्रों की डिग्री/अंकसूची को डिजीलॉकर में अपलोड किये जाने का निर्णय मंत्रिपरिषद द्वारा लिया गया। उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत 16 शासकीय एवं 53 निजी विश्वविद्यालय संचालित है। अभी तक कुल 09 शासकीय विश्वविद्यालयों एवं 5 निजी विश्वविद्यालयों के वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक के छात्रों की अधिकांश डिग्री/अंकसूची डिजीलॉकर में दर्ज की जा चुकी है। मंत्रि-परिषद द्वारा 1 जनवरी, 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था मध्यप्रदेश के सभी 55 ज़िलों में लागू करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में बिना आवेदन, नामांतरण और अभिलेख दुरुस्तीकरण की फेसलेशव्यवस्था जून, 2022 से लागू की गई है। इसे साइबर तहसील नाम दिया गया है। इसमें रजिस्ट्री उपरांत, क्रेता के पक्ष में अविवादित नामांतरण, एक फ़ेसलेस, पेपरलेस तरीके से ऑनलाइन प्रक्रिया के द्वारा 14 दिन में बिना आवेदन के और बिना तहसील के चक्कर लगाए स्वत: ऑटोमेटिक तरीके से हो जाता है और खसरे तथा नक्शे में भी क्रेता का नाम चढ़ जाता है। वर्तमान में यह व्यवस्था प्रदेश के 12 जिलों की 442 तहसीलों में लागू है। इ

## प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रियों और प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन वाली सरकार के कार्यकाल में प्रदेश ने विकास के जो पायदान चढ़े हैं, गरीब कल्याण और खुशहाली के लिए जो काम किए हैं, भाजपा की नई मध्यप्रदेश सरकार विकास के उसी सिलसिले को आगे बढ़ाएगी। प्रदेश के कायाकल्प की जो संकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संजोई है, उसे धरातल पर उतारते हुए नई सरकार 'एमपी के मन में मोदी' और 'मोदी के मन में एमपी' को चरितार्थ करेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भाजपा की नई प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेंद्र शुक्ल द्वारा शपथ लिए जाने पर उन्हें व प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कही। ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर नई सरकार को आशीर्वाद देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश सहित पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। शर्मा ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण, विभिन्न वर्गों के जीवन स्तर को उठाने तथा विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा लागू की गई।

## विधानसभा में सुरक्षा घेरा सख्त, अब विधायक केवल एक बाहरी व्यक्ति को दिलवा सकेंगे दीर्घा में प्रवेश



**भोपाल।** देश की राजधानी दिल्ली में संसद पर आतंकी हमले की बरसी के दिन ही दो युवक सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूदकर स्मोक बम सरीखी सामग्री से धुआं छोड़ने की घटना को देखते हुए विधानसभा सचिवालय भी हरकत में आ गया है। गुरुवार को प्रमुख सचिव एपी सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और निर्देश दिए कि अब विधायक केवल एक ही बाहरी व्यक्ति को दर्शक दीर्घा में प्रवेश दिला पाएंगे। दो स्तर पर जांच होगी और कोई भी ऐसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी, जिसे सुरक्षा को कोई खतरा हो।।

# एम्स के डॉ. पंकज प्रसाद ओरेशन अवार्ड से सम्मानित



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स भोपाल के सीएफएम विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज प्रसाद को हाल ही में संपन्न CSZIAPSCON 2023 - 9वें सेंट्रल साउथ जोन, इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन कॉन्फ्रेंस में प्रतिष्ठित मित्तल ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सम्मेलन का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज विदिशा के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया था । मित्तल ओरेशन अवार्ड इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (आईएपीएसएम) के सेंट्रल साउथ जोन में एक संकाय सदस्य को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। डॉ. पंकज प्रसाद ने मुख्यधारा में विकलांग व्यक्तियों का समावेश, विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। उनके विचारों से उयस्थित दर्शक काफी प्रभावित हुए और सभी ने व्यापक प्रशंसा की। प्रतिष्ठित भाषण पुरस्कार के अलावा, डॉ. पंकज प्रसाद ने एक पेपर भी प्रस्तुत किया और एक सत्र की अध्यक्षता करके सम्मेलन में सक्रिय रूप से योगदान दिया।

## एम्स में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



एम्स भोपाल की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आज एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस हिंदी कार्यशाला का उद्घाटन एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह ने किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि कार्यशाला में स्वास्थ्य से संबंधित विषय को शामिल करना बड़ी अच्छी बात है और कार्यशालाएं जल्दी-जल्दी होती रहती हैं इससे हिंदी को बढ़ावा देने में प्रयासों को और गति मिलती है। हालांकि अभी हमें और प्रयास करने की आवश्यकता है और हमारे इन प्रयासों से बाकी कर्मचारी भी प्रेरित होंगे जिससे स्थापित मापदंड को पूरा किया जा सकेगा। जो कुछ आप यहां पर सीखेंगे उसका अपने साथियों के बीच में प्रसार करें। मिलजुल कर प्रयास करने से हम निश्चित रूप से हिंदी के प्रयोग को नई ऊंचाई पर पहुंचा सकेंगे। इससे पूर्व एम्स भोपाल के उपनिदेशक (प्रशासन) कर्नल (डॉ) अजीत कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नई पहल से एम्स भोपाल के बढ़ते कदमों को और मजबूती मिलेगी और हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार हो सकेगा। इस कार्यशाला के दौरान दो सत्र आयोजित किए गए पहले सत्र में कार्यालयीन हिंदी में मानक वर्तनी के प्रयोग संबंधी जानकारी एवं अभ्यास विषय पर श्री अमन कुमार मेहता और श्री हेमंत कुमार जायसवाल ने प्रतिभागियों को जानकारी दी जबकि दूसरे सत्र में आयुष के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दानिश जावेद ने ऋतु के अनुरूप भोजन और दिनचर्या किस प्रकार से रखी जाए इस विषय पर जानकारी दी। इस कार्यशाला में लगभग 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सम्पादकीय

# आते ही एक्शन में प्रदेश के नए मुखिया



शपथ लेते ही प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव बुधवार को एक्शन में आ गए और सात घंटे के अंदर ही सात बड़े और कड़े निर्णय कर डाले। देर शाम मुख्यमंत्री पद का विधिवत पदभार ग्रहण किया और इसके बाद उन्होंने सबसे बड़ा आदेश यह दिया कि अब तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर से न तो किसी धार्मिक स्थल से अजान की जा सकेगी, न ही भजन किया जा सकेगा। दूसरा बड़ा फैसला खुले में मांस बिक्री पर प्रतिबंध का रहा।

शॉर्ट कैबिनेट की बैठक में सीएम मोहन यादव ने सात अहम फैसले लिए- मध्यप्रदेश में खुले में मांस की दुकानें नहीं चलेंगी, खुले में चलने वाली अंडे-मांस की दुकानों पर होगी कार्रवाई, प्रदेश के हर जिले में युवाओं के लिए बनेंगे एक्सिलेंस कॉलेज, प्रधानमंत्री एक्सिलेंस कॉलेज होगा नाम, धार्मिक स्थलों (मंदिर/मस्जिद) में तय सीमा से ज्यादा आवाज में नहीं बजाए जा सकेंगे लाउड स्पीकर, जमीन और मकान की रजिस्ट्री के बाद लोगों को नहीं होना पड़ेगा परेशान, रजिस्ट्री के साथ ही पूरी की जाएगी नामांतरण की प्रक्रिया, तेंदुपत्ता प्रति मानक बोरा 4000 रुपए दिए जाएंगे, आदेश जारी। इसके अलावा आदतन अपराधियों द्वारा अपराध करने पर पूर्व में सक्षम न्यायालय से प्राप्त ज़मानत को निरस्त करने हेतु दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 437, 438 और 438 के प्रावधानों अनुसार सक्षम न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने के दिशा निर्देश जारी किए गये। यह प्रदेश में अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

सबसे महत्वपूर्ण फैसला धार्मिक स्थलों पर निर्धारित सीमा से तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकर और किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र पर तत्काल रोक का है, इसके लिए उड़नदस्ते बनाकर अभयान चलाया जाएगा। भले ही यह फैसला किसी एजेंडे के तहत किया गया हो, लेकिन ये एक तो ध्वनि प्रदूषण रोकने में सहायक होगा। दूसरे, इस मुद्दे पर कई बार दंगे होते रहे हैं और माहौल खराब हो जाता है। इसलिए यदि इस आदेश पर सख्ती से निर्णय होता है, तो निश्चित तौर पर सामाजिक समरसता बनाने में सफलता मिल सकती है।

दूसरा महत्वपूर्ण आदेश था खुले में मांस-मटन-मछली बेचने पर प्रतिबंध। आदेश के अनुसार, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन कर खुले में बिना साफ-सफाई मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी। उन्होंने शाम को आदेश जारी किया और इसकी शुरुआत उनके गृह नगर उज्जैन से ही की गई, और आज सुबह 6 बजे से तीन दुकानों पर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने ताले लगा दिए। 15 दिनों में अभियान चलाकर ऐसी दुकानों को बंद कराया जाएगा। धर्म स्थलों से भी नजदीक मांस बेचना प्रतिबंधित होगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आदेश जारी कर कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर तत्काल कार्रवाई आरंभ करें। पुलिस की भी इसमें मदद लें। मुख्यसचिव वीरा राणा प्रतिदिन इसकी समीक्षा करेंगी।

देखा जाए तो पहली केबिनेट भले ही छोटी रही, लेकिन इसके निर्णयों का प्रभाव निश्चित तौर पर दूरगामी होगा। कहीं न कहीं ये फैसले नवागत मुख्यमंत्री की मंशा के साथ ही उनकी प्रशासनिक कार्यप्रणाली और क्षमताओं का भी टेस्ट होंगे। जिन मुद्दों की यहां बात की जा रही है, वो आम आदमी को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाले मुद्दे हैं। इनका असर सीधा सामान्य व्यक्ति पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर नामांतरण का मामला होता बहुत छोटा है, लेकिन एक तो यह भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा माध्यम होता है। दूसरे, लोग इसके लिए महीनों ही नहीं सालों तक भटकते रहते हैं। राजस्व विभाग से लेकर निकायों तक में इसके लिए आम आदमी परेशान रहता आया है।

कुल मिलाकर नए मुखिया ने शुरुआती फैसलों से अपने तेवर और अपनी कार्यप्रणाली का नमूना सामने रख दिया है। यह जनता के साथ ही राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों के लिए भी एक संदेश है। इसके अर्थ भले ही अपने-अपने तरीके से लगाए जाएं, लेकिन ये फैसले सीधे जनता से तो जुड़े हैं।

# भाजपा गढ़ रही है राजनीति की नयी परिभाषा

**- ललित गर्ग -**

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में ऐतिहासिक जीत के बाद जिस प्रकार मुख्यमन्त्री पद पर चौंकाने वाले नामों के फैसले लेकर सबको चकित किया हैं, उनसे स्पष्ट है कि यह पार्टी राजनीति की नयी परिभाषा गढ़ने के साथ जमीनी कार्यकर्ताओं को भविष्य के नेता बनाने के लिये तत्पर है। पार्टी एवं विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जनता को सन्देश दे रहे हैं कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में श्री भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसकी यह दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसके प्रचंड जीत का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व में सिर्फ औरो पर हुकूमत नहीं की जाती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास के आधार राजनीति धरातल को मजबूती दी जाती है। सबके अस्तित्व को नकार कर सिर्फ स्वयं के होने की प्रस्तुति कभी नेतृत्व एवं कर्तृत्व के कद को ऊंचाई दे सकती।

भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है। राजनीति किन्हीं नेताओं की बपौती नहीं है, यह बात मोदी जैसे नेता ही सिद्ध कर पाये हैं। वरना भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो राजनीति से घबराने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सिद्ध कर दिया कि यहां कुछ भी असंभव नहीं। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक एक खुशखबरी की तरह



पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी- बारी सत्ता संभालते आ रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। अब व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है, यह भारत में राजनीति को अधिक स्वच्छ, आदर्श एवं दमदार बनायेगा।

इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि जिस व्यक्ति को भी श्री मोदी का आशीर्वाद प्राप्त होगा और जिसे नवनिर्वाचित विधायक पसन्द करेंगे वही मुख्यमन्त्री होगा। भाजपा ने ये चुनाव प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रख कर लड़े थे और स्वयं श्री मोदी ने अपनी गारंटी देकर लोगों से वोट मांगे थे। तीनों मे से किसी एक राज्य में भी संभावित मुख्यमन्त्री का चेहरा रखकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश नहीं की गई थी। इससे चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि इस बार मुख्यमंत्री के नाम न केवल चौंकायेंगे बल्कि सुखद अहसास का सबब भी बनेंगे। राजस्थान में इसके कहीं कोई आसार नहीं दिख रहे थे कि पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वैसे तो भाजपा इस तरह के चकित करने वाले फैसले पहले भी करती रही है, लेकिन इस बार उसने कुछ ज्यादा ही चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले फैसले लिए। भाजपा ने इन तीनों राज्यों की कमान केवल नए चेहरों को ही नहीं थमाई, बल्कि उन नेताओं को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाया, जो अपेक्षाकृत युवा हैं और पार्टी की विचारधारा से गहरे से जुड़े रहने के साथ जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। महिला नेतृत्व को भी आगे लाया गया है। ऐसे नेताओं को आगे करके भाजपा ने यही संदेश दिया कि वह एक ऐसा दल है, जिसके सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और लगन से उच्च पद पर पहुंच सकते हैं। ऐसा कोई संदेश न तो परिवारवाद को प्रश्रय देने वाली कांग्रेस दे सकने में समर्थ है और न ही क्षेत्रीय दल।

अनेक नये प्रयोगों के माध्यम से भाजपा खुद को मजबूत बना रही है एवं राजनीति की विसंगतियों एवं विडम्बना को दूर करने की गाथा भी लिख रही है। उसने इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्रियों के चयन में समाज के विभिन्न वर्गों की आकांक्षाओं का भी ध्यान रखा। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के चेहरों के जरिये भाजपा ने जिस तरह अपने सामाजिक समीकरण मजबूत किए, उससे उसके विरोधियों के इस तरह के आरोपों की हवा निकल गई कि वह अमुक अमुक वर्ग की उपेक्षा करती है। दलित, आदिवासी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के नेताओं को उचित प्रोत्साहन देकर भाजपा ने यह और अधिक अच्छे से रेखांकित किया कि वह समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करती है। भाजपा न केवल मतदाताओं के दिलों को जीतने के मामले में अन्य दलों से कहीं अधिक आगे नजर आने लगी है, बल्कि नेताओं की नई पीढ़ी को तैयार करने और उन्हें अवसर देने के मामले में भी उसने नई लकीरें खींची है। स्पष्ट है कि इससे उसके सामान्य कार्यकर्ताओं में उत्साह का कहीं अधिक संचार हुआ है और मतदाता भी उत्साहित एवं हर्षित दिख रहा है। जहां राजनीति दलों के नेताओं एवं मतदाताओं की निष्ठा का समन्वय नहीं होता, वहां उनकी मानसिकता में या तो दब्बुपन, कायरता, हीनता, भय, तनाव पैदा हो जाती है या फिर वे अति लापरवाह, निस्संकोच, मुंहफट, ढीठ हो जाते है, ऐसी स्थितियों में असंतोष, विरोध, विद्रोह ही पनपते हैं।

नरेन्द्र मोदी के साथ अमित शाह ने भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं को पिछले कुछ वर्षों में यही संदेश दिया है कि वे पार्टी की मजबूती के लिए बूथ लेवल पर मेहनत करेंगे तो समय आने पर उनको उनका मेहनताना दिया जाएगा। भले ही वह विष्णुदेव साय जैसा जमीनी कार्यकर्ता हों। अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे।' मुख्यमंत्री बनाकर अमित शाह ने सचमुच उन्हें बड़ा आदमी बना दिया है। इसी तरह की सोच की वजह है कि भाजपा केंद्र में भी 2014 से लगातार सत्ता में बनी हुई है और राज्य स्तर पर भी अपनी धमक दिखा रही है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सीएम और डिप्टी सीएम पद के लिए चुने गए नए नाम 2024 की रणनीति के तौर पर भी देखे जा रहे हैं। भाजपा को सत्ता में बनाए रखने के लिए मोदी-शाह फॉर्मूला एकदम साफ है कि उसके नेताओं की साफ-सुथरी छवि होनी चाहिए, आरएसएस से संबंध होना चाहिए, युवाओं को आगे लाने की कोशिश होनी चाहिए, लीडरशिप में नई पीढ़ी को उतारना मकसद हो, सीएम और 2 डिप्टी सीएम फॉर्मूला हिट है एवं जातियों का समान प्रतिनिधित्व होना चाहिए। ये वो फॉर्मूला है, जिसके दम पर भाजपा राज्यों में अपनी पकड़ बनाकर रखती है और केंद्र में जीत के लिए रास्ता साफ करती है। अगर आप तीनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री पदों पर बैठने वाले व्यक्तियों को देखें तो, उनके चुने जाने की पहली वजह है साथ सुथरी छवि। तीनों ही सीएम पर किसी तरह का कोई गंभीर आरोप नहीं है, जो पार्टी के लिए मुसीबत बन सके। तीनों ही सीएम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे हैं।

# पराली दहन: एक लाइलाज मर्ज़

**-राकेश दुबे**

इन दिनों पूरे उत्तर भारत में विभिन्न कारणों के चलते वायु प्रदूषण का स्तर उच्च हो गया है। खेतों को रबी की फसल की बुवाई हेतु जल्दी खाली करने के लिए उत्तर भारत के कुछ किसान फसल के अवशेष अर्थात पराली को जला रहे हैं। इससे पूरे क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर उच्च हो जाता है। यह स्थिति तो दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में काफी गंभीर रूप धारण कर लेती है। सर्दियों में होने वाले इस प्रदूषण से बचने हेतु सरकारें (केन्द्र एवं संबंधित राज्य) हर साल कई कदम उठाते हैं।

वैसे सर्दियों में उत्तर भारत में प्रदूषित वायु के बादल (स्मॉग या धुएं) छा जाने के अनेक कारण हैं। सबसे पहले, खरीफ सीजन की फसलों को यदि किसान हाथों से काटेगा और फसल अवशेष को पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित तरीके से निपटान करेगा तो उसे इस कार्य में न सिर्फ ज्यादा वक्त लगेगा, बल्कि श्रम लागत भी अधिक हो जाती है। इससे कृषि का लागत मूल्य काफी उच्च हो जाता है और किसान को घाटा होता है। अत: इस स्थिति से बचने के लिए और रबी की फसल की सही समय पर बुवाई हेतु किसान अपनी फसल के अवशेष (पराली) को जलाना उचित समझता है।

कुछ ऐसा भ्रम भी फैला हुआ है कि फसल के अवशेष को जलाने के बाद व्युत्पन्न हुई राख मृदा की उर्वरता को बढ़ाती है। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में फसल प्रतिरूप वहां की जलवायु के मुताबिक नहीं है। विद्युत पर किसानों को सब्सिडी देने पर बोरवेल के माध्यम से जमकर भूमिगत जल का दोहन होता है। पराली जलाने वाले राज्यों में एक तो मजदूरी महंगी है और दूसरी तरफ धान की कटाई के वक्त पर्याप्त संख्या में मजदूर भी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार



जैसे राज्यों से पंजाब, हरियाणा आदि में बड़ी संख्या में मजदूर आते थे, परंतु अब स्थानीय स्तर पर अपने राज्यों में ही मनरेगा के माध्यम से मजदूरी मिलने के चलते कम संख्या में मजदूर पलायन करते हैं। सर्दियों में दिल्ली एनसीआर की तरफ उत्तरी राज्यों से हवाएं आती हैं। ये हवाएं अनेक प्रकार से पराली आदि से उत्पन्न हुए प्रदूषण को लाती हैं, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से प्रदूषण के साथ-साथ नमी भी लाती हैं। अत: प्रदूषण और नमी मिलकर एक भयंकर स्मॉग के बादल का निर्माण करते हैं। पराली या अन्य फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता नष्ट होती है। उसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी हो जाती है। इस कारण अगली फसल में उच्च उत्पादकता हेतु किसान और ज्यादा मात्रा में रासायनिक खादों का प्रयोग करता है। इससे देश पर खाद सब्सिडी का बोझ बढने के साथ-साथ किसानों की कृषि लागत भी बढ़ जाती है।

चूंकि रासायनिक खाद का भारत बड़ी मात्रा में आयात करता है तो इससे भारत का व्यापार घाटा बढ़ता है और देश के विदेशी भण्डार में कमी आती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान इसी तरह पराली को जलाते रहे और उसकी भरपायी हेतु अधिक रासायनिक खाद का प्रयोग करते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब समूचे क्षेत्र की भूमि बंजर हो जाएगी। इस प्रक्रिया में अनियंत्रित रूप से भूमिगत जल का दोहन भी भूमिका निभाएगा। इस प्रकार स्पष्ट है कि पराली को जलाना एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या को उत्पन्न करने की ओर अग्रसर है। पराली में आग लगाने से जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचता है। पौधों के अवशेषों में कई प्रकार के जीव उपस्थित होते हैं जिनकी आग के कारण असामयिक मृत्यु हो जाती है, जो पर्यावरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। कृषि के अवशेषों को जलाने से कार्बन डाईऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड समेत अनेक जहरीली गैसें निकलती हैं, जो मानव के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालती हैं।

इन गैसों से श्वास संबंधी बीमारियों का खतरा काफी अधिक बढ़ जाता है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की आयी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में श्वास संबंधी रोगों से हर वर्ष लाखों लोगों को जान से हाथ धोना पड़ता है। पराली के जलने से निकलने वाली गैसें ग्लोबल वार्मिंग की समस्या में इजाफा करती हैं। हाल ही में जलवायु परिवर्तन पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण भारत का हिमालयी क्षेत्र काफी अधिक प्रभावित हो रहा है। यहां वर्षा और बाढ़ का पैटर्न बदल रहा है जो लाखों लोगों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। कई विशेषज्ञों का मानना है कि पराली या अन्य कृषि अवशेषों को जलाने से फसलों की पैदावार बड़ी मात्रा में घट सकती है। इससे देश में खाद्य सुरक्षा का संकट बढ़ सकता है। जब देश की एक-चौथाई से अधिक जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही हो और अपनी खाद्य जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही हो तो खाद्यान्न पैदावार में कमी सरकार के समक्ष गंभीर समस्या खड़ी कर सकती है।

किसानों और प्रशासन को पराली से पैदा वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य नुकसान को मानवीय हित में जरूर विचारना चाहिए। पराली जलाने के नुकसान से उत्पन्न पर्यावरण समस्या को सरकारी व्यवस्था को गंभीरता से लेना चाहिए।

# मंत्रिमंडल विस्तार में नहीं चलेगा पट्ठावाद

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

जिस प्रकार मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के चयन में रसूखदार नेताओं की नहीं चली, ठीक इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मंत्रिमंडल का गठन होगा। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से इसमें क्षेत्रीय और जातीय संतुलन तो साधा जाएगा लेकिन पट्ठावाद बिल्कुल नहीं चलेगा। अर्थात रसूखदार नेताओं का समर्थक होने के कारण किसी को मंत्री नहीं बनाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार पहले चरण में 26-27 मंत्रियों को शामिल कर शपथ दिलाई?जाएगी और आधा दर्जन से ज्यादा मंत्री पद खाली रखे जाएंगे। हमेशा की तरह नेतृत्व मंत्रिमंडल के गठन में भी सभी को चौंका सकता है।

**मोहन-वीडी लेकर जाएंगे संभावित मंत्रियों की सूची**

मंत्रिमंडल के गठन पर भी केंद्रीय नेतृत्व की मुहर लगेगी। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा संभावित मंत्रियों की सूची लेकर दिल्ली जाएंगे। वहां नेतृत्व के साथ सूची पर डिस्कशन होगा। नाम जोड़े और घटाएं जाएंगे। इसके बाद फायनल सूची के अनुसार मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी।

**वरिष्ठ और नए के बीच सधेगा संतुलन**

मंत्रिमंडल के गठन में भी मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों का फार्मूला अपनाया जा सकता है। इसके तहत वरिष्ठ और नए विधायकों के बीच संतुलन साधा जा सकता है। कुछ वरिष्ठों के साथ नए मंत्री ज्यादा बनाए जा सकते हैं। जैसे 8-9 वरिष्ठ मंत्रियों के साथ 16-18 नए विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है।

**चंबल-ग्वालियर अंचल से ये बन सकते मंत्री**



भाजपा सूत्रों के अनुसार अंचलों में मिली सीटों के संख्या के आधार पर मंत्रियों की संख्या तय हो सकती है। इस आधार पर चंबल- ग्वालियर, बुंदेलखंड, विंध्य और मध्य अंचल से 4-4 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इनमें जातीय संतुलन भी साधा जाएगा। जैसे, चंबल-ग्वालियर से नेता प्रतिपक्ष को हराने वाले अंबरीश शर्मा, जनता के बीच सक्रिय प्रद्युम्न सिंह तोमर, केपी सिंह को हराने वाले देवेंद्र कुमार जैन और घनश्याम सिंह को हराने वाले प्रदीप अग्रवाल को मंत्री बनाया जा सकता है। नरेंद्र सिंह तोमर पहले ही विधानसभा अध्यक्ष घोषित किए जा चुके हैं।

**बुंदेलखंड, विंध्य में ये हो सकते चेहरे**

बुंदेलखंड और विंध्य से मंत्रिमंडल में वरिष्ठ और कनिष्ठ के बीच संतुलन के तहत चेहरे तय किए जाएंगे। बुंदेलखंड से नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, छतरपुर की ललिता यादव और जबेरा के धर्मेंद्र लोधी को मौका मिल सकता है। इनके अलावा वरिष्ठों में गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, जयंत मलैया और बृजेंद्र प्रताप सिंह में से 1 अथवा 2 को मौका मिल सकता है। विंध्य अंचल से सीधी की रीति पाठक, जयसिंह नगर की मनीषा सिंह, मऊगंज से प्रदीप पटेल और रामपुर बघेलान से जीते विक्रम सिंह को मौका मिल सकता है। इस अंचल के राजेंद्र शुक्ला पहले ही उप मुख्यमंत्री बन चुके हैं।

**महाकौशल से बनाए जा सकते हैं 5 मंत्री**

महाकौशल अंचल में भाजपा को इस बार 38 में से 21 सीटें मिली हैं। यह कमलनाथ का भी इलाका है। इसलिए यहां से 5 मंत्री बनाए जा सकते हें। इनमें बहोरीबंद के प्रणव पांडे, नरसिंहपुर के प्रहलाद पटेल और बैतूल के हेमंत खंडेलवाल को मौका मिल सकता है। इनके अलावा जबलपुर के राकेश सिंह और गाडरवारा के उदयप्रताप सिंह में से किसी एक को मौका मिल सकता है। ये दोनों पूर्व सांसद हैं। इसी प्रकार शहपुरा के ओम प्रकाश धुर्वे और मंडला की संपतिया उइके में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

**मालवा-निमाड़ से बन सकते सर्वाधिक मंत्री**

मालवा- निमाड़ अंचल में सर्वाधिक 66 सीटें हैं। भाजपा ने इनमें से 48 सीटें जीती हैं। इसलिए यहां से सर्वाधिक मंत्री बनाए जा सकते हैं। इंदौर से तुलसीराम सिलावट के अलावा कैलाश विजयवर्गीय और रमेश मैंदोला में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है। इनके अलावा सज्जन सिंह वर्मा?को हराने वाले राजेश सोनकर, दीपक जोशी को हराने वाले आशीष शर्मा, हरसूद के विजय शाह, नेपानगर की मंजू राजेंद्र दादू मंत्री बन सकते हैं।

**भोपाल के आसपास भी कम दावेदार नहीं**

प्रदेश के मध्य अंचल अर्थात भोपाल के आसपास मंत्री पद के दावेदारों की संख्या कम नहीं है। इस बार रामेश्वर शर्मा, विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विष्णु खत्री में से दो मंत्री बन सकते हैं। रायसेन जिले में प्रभुराम चौधरी और सुरेंद्र पटवा में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है। इनके अलावा सीहोर के सुदेश राय और खिलचीपुर में पूर्व?मंत्री प्रियव्रत सिंह को हराने वाले हजारीलाल दांगी मंत्री बनाए जा सकते हैं। संभावित मंत्रियों की यह सूची सूत्रों पर आधारित है क्योंकि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी क्या करेगी, कोई नहीं जानता।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# ग्राम पंचायत सुनारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की प्रभारी अधिकारी ने की समीक्षा



**ओबेदुल्लागंज ।** रायसेन जिले में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही है। जिले में भारत सरकार द्वारा नियुक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी अधिकारी प्रोवश रंजन विश्वास आईओएएस आर्थिक कार्य विभाग भारत सरकार ने सांची जनपद के सलामतपुर पहुंचकर ग्राम पंचायत सुनारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर अरविंद दुबे ने ग्राम पंचायत में भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा यात्रा हेतु की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया। प्रभारी अधिकारी प्रोवश रंजन द्वारा सरपंच, पंचायत सचिव से चर्चा कर जानकारी ली गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों से भी संवाद किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज के छात्रों ने आवेदन लिखने में दी सेवाएं

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा की पहल पर जनसुनवाई में नवाचार किया गया है जिससे अपना आवेदन नहीं लिख पाने वाले लोगों के लिए निःशुल्क आवेदन लिखने की व्यवस्था की गई है। आज 12 दिसंबर को जनसुनवाई में पीजी कॉलेज खरगोन के एमएसडब्ल्यू के छात्र आशिष कुशवाह, अर्जून रंधावे एवं शाहरूख अली ने आवेदकों के आवेदन निःशुल्क लिखने के लिए अपनी सेवाएं दी है। यह छात्र भी अपनी सेवाएं देकर खुश थे।

# एमपीपीएससी परीक्षा 2023 के लिए छतरपुर में बनाए गए 9 केन्द्र

**छतरपुर।** म.प्र. लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2023 दिनांक 17 दिसम्बर 2023 को ओ.एम.आर. पद्धति से छतरपुर जिले में दो सत्रों में प्रातः 10:00 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 से 4:15 तक छतरपुर शहर में बनाए गए 9 केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. ने जिला मुख्यालय पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यिूटी लगाई गई है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी छतरपुर सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे तथा उपरोक्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी सौंपे गए कार्य को सजगता व निष्ठा से दायित्वों का अपर कलेक्टर एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट नमः शिवाय अरजरिया के समन्वय में दायित्व का निर्वहन करेंगे।

छतरपुर शहर में 9 केन्द्र बनाये गये है। जिसमें सेंटर कोड-1 पं. मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज छतरपुर में रामनिवास चौधरी प्र. डिप्टी कलेक्टर की ड्यूटी लगाई गई, सेंटर कोड-2 वीरांगना अवंतीबाई कॉलेज छतरपुर रंजना यादव कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सेंटर कोड-3 सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल छतरपुर अरविन्द शर्मा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सेंटर कोड-4 महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल छतरपुर अनिल तलैया कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सेंटर कोड-5 शा. बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल न. 2 छतरपुर अभिनव शर्मा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सेंटर कोड-6 शा. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल छतरपुर प्रतीक कुमार रजक नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सेंटर कोड-7 शा. गर्ल्स कॉलेज छतरपुर दिनेश कुमार खटीक नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सेंटर कोड-8 सनमति विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल पन्ना रोड छतरपुर रामनरेश गौतम नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और सेंटर कोड-9 शा. एक्सीलेंस हायर सेकेण्डरी स्कूल न. 1 छतरपुर धीरज गौतम नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है।

# त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

**छतरपुर।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) के निर्वाचन हेतु घोषित किये गये कार्यक्रम के तहत जनपद छतरपुर, नौगांव, राजनगर, गौरिहार, बिजावर और लवकुशनगर के अंतर्गत 58 पंच पद का निर्वाचन मतपत्र से तथा जनपद राजनगर अंतर्गत 01 जनपद पंचायत सदस्य पद का निर्वाचन ईव्हीएम से संपन्न कराया जायेगा। उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) का निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, आरक्षण की सूचना का प्रकाशन और मतदान केन्द्र की सूची का प्रकाशन 15 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10:30 से अपरांह 3 बजे तक किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 दिसम्बर, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 23 दिसम्बर को प्रातः 10:30 बजे, अभ्यर्थिता से नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर को अपरांह 3 बजे तक, मतदान यदि आवश्यक हो 05 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, पंच पद की मतगणना मतदान समाप्ति के बाद, जनपद सदस्य मतगणना खण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से 9 जनवरी 2024 को प्रातः 8 बजे से, पंच सारणीकरण-परिणाम की घोषणा 11 जनवरी 2024 को प्रातः 10:30 बजे से और जनपद सदस्य सारणीकरण-परिणाम की घोषणा 9 जनवरी 2024 को प्रातः 10:30 बजे से की होगी।

# छात्र संघ ने विशेष अनुरोध करा है वीर सावरकर महाविद्यालय के सामने वेरी गेट ब्रेकर्स बनवाए जाएं



ओबेदुल्लागंज। वीर सावरकर महाविद्यालय के सामने बड़ा हादसा होते होते टला नूरगंज जावरा के निवासी रवि उईके को एक कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी रवि उइके तुरंत ही बेहोश हो गए थे अभिषेक सेन और उनके साथी मित्र महाविद्यालय के साथियों ने तुरंत घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल ओबेदुल्लागंज लेकर आए जहां उनका उपचार कराया परंतु उनके सर में गहरी चोट आई जिसके कारण उन्हें हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया छात्र संघ औबेदुल्लागंज प्रशासन और नगर पालिका से विशेष अनुरोध करता है की वीर सावरकर महाविद्यालय के सामने बेरी गेट ब्रेकर्स बनवाएं जिससे दुर्घटनाएं ना हो इससे पहले भी कई ऐसी दुर्घटना हुई है छात्र छात्राएं दुर्घटना में गंभीर चोटे आई है अगर वह ब्रेकर होते तो शायद दुर्घटना नहीं होतीद्य

# ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित पेयजल योजनाओं के संधारण कार्य में पंचायतें अपनी जवादेही समझें- कलेक्टर श्री मिश्रा



धार । ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित पेयजल योजनाओं के संधारण कार्य में पंचायतें अपनी जवादेही समझें। कुछ क्षेत्रों में गर्मी में पेयजल संकट की आशंका को देखते हुए अभी से तैयारी करें। जल निगम की राजोद परियोजना का फीडबैक प्राप्त करें । हैंडपंप की जिओटैगिंग करें, इनके बंद होने की जानकारी नक्शे पर प्रदर्शित करें । यह निर्देश कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने बुधवार को कलेक्टेऊ्रट सभागार में आयोजित ज़िला जल और स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक में दिए।

जिले के ऐसे क्षेत्र जहॉ पर सोर्स का पानी सुख जाता है और वहॉ पानी की दिक्कत आती है । उसके लिए अभी से कार्यवाही तय कर ले। जहॉ पर पानी के परिवहन की आवष्यकता लगती है उन सभी का चिन्हिंकन कर लें। एसडीएम जल निगम के कार्यो को देखे इसके लिए नियमिति बैठके आयोजित करें और ग्राउंड लेवल से फिडबैक लें। जल जीवन मिशन के अंतर्गत मार्च तक टाईमलिमिट में कार्य पूरे हो इसके लिए मिशन मोड में कार्य करें। एसडीएम, जनपद सीईओ, एसडीओ पीएचई तथा तहसीलदार का एक ग्रुप बनाए और अपने क्षेत्र में इस कार्य में दिक्कत आने पर उसका तत्काल निराकरण करवाए। गांव में जाकर जल निगम योजना के कार्यो का लोगों से फिडबैक ले। अनुभाग स्तर पर स्कूल ,आंगनवाड़ी को इस योजना में जोडा गया है उनका भी निरीक्षण करें। जिले के ऐसे स्थान जहॉ पर मार्च में पानी की समस्या आती है और बंद हेण्डपम्प को चिन्हित कर मैप पर मार्क कर ले।

उन्होंने कहा कि जहॉ पर डकवेल की आवष्यकता है, वहॉ पर पंचायत के द्वारा इस कार्य को करवाए। आंगनवाडी केंद्र में जाकर जनपद सीईओ पेयजल की व्यवस्था को देखें। सभी अधिकारी सीएम हेल्प लाईन में शिकायतों का निराकरण मिषन मोड पर करें। शिकायतकर्ता से चर्चा कर उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण करवाए। जल निगम अंतर्गत राजोद प्रोजेक्ट का कार्य जनवरी माह तक पूर्ण कराए। सभी एसडीएम यह सुनिष्चित करें कि अनके क्षेत्र के बोरवेल ऑपरेटरों का रजिस्टेऊ्शन हो । उनकी बैठक लेकर उन्हें निर्देशित करें की बिना परमिषन के बोर करने वाले पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में पंजीकृत सभी बोरिंग कंपनियों के संचालकों को बोरवेल के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।सभी एसडीएम और पीएचई के अभियंताओं को बोर करते समय बोरिंग मशीन के संचालकों की अपनाई जाने वाली सावधानियों पर निरतर नजर रखने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि जिस भी अधिकारी के कार्यक्षेत्र में इस मामले में कोई खामी अथवा लापरवाही पाई जायेगी तो संबंधित अधिकारी को उसके लिए जिम्मेदार मानकर कार्रवाई की जाएगी। बारेवेल से बचने से संबंधित सुरक्षा उपाय का बोर्ड लगा हुआ होना भी जरूरी है। बोर वाले स्थान पर चारों तरफ तार अथवा रस्सी से फेंसिंग की होनी चाहिए। बोर को चलाने से पहले की अवधि के दौरान पाईप के उपर अच्छी तरह से फिक्स किया गया ढक्कन लगाना भी जरूरी है। इसी प्रकार ट्यूबवेल की मरम्मत के समय भी ट्यूबवेल को अच्छी प्रकार से ढकना होगा। बोर खुला पाने पर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना मानकर कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार बोर का कार्य पूरा होने के उपरात मड के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले खड्ढे और दूसरे चैनलों को भी पूरी तरह से मिट्टी से भरना होगा। इसके अतिरिक्त खराब बोरवेल को भी संबंधित किसान, विभाग अथवा एजेंसी द्वारा मिट्टी, रेत या अन्य किसी तरीके से पूरी तरह भरकर बंद करना होगा ताकि बोरवैल में बच्चों आदि के गिरने की घटना से बचा जा सके।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## साइबर क्राइम और सुरक्षित यातायात पर युवतियों को किया जागरूक

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**धार,।** जिला प्रशासन धार एवं मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत संकुल धार के पर्यटन स्थल शासकीय कन्या महाविद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं साइबर क्राइम और सुरक्षित यातायात का सत्र आयोजित किया गया। जिसमें नौगांव की थाना प्रभारी श्रीमती सविता चौधरी ने कहा कि सभी छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण में भाग लेना चाहिए। इससे आप खुद की रक्षा के साथ-साथ दूसरों की भी रक्षा कर सकते हैं। साथ ही सभी को पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जागरूक किया गया। यातायात थाना प्रभारी श्री रोहित निकम ने कहा कि मध्यप्रदेश के सभी जिलों में सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवाने में धार जिला पहले नंबर पर है। जो की दुर्भाग्य की बात हैं। इन घटनाओं का मुख्य कारण यातायात के नियमों का पालन नहीं करना है। एएसआई साइबर क्राइम सेल श्री भेरुसिंह देवड़ा ने कहा कि अगर आप कहीं पर अपना मोबाइल रिपेयरिंग करा रहे हैं तो भी आपको सावधानी रखना चाहिए। वहां आपके मोबाइल का डाटा चोरी तो नहीं कर रहा है। क्योंकि वह आपके डाटा का गलत इस्तेमाल कर सकता है और वह डाटा पता नहीं कहां से कहां पहुंच जाएगा। फिर आपको ब्लैकमेल किया सकता है। किसी तरह की घटना घटती हो तो आप साइबर क्राइम 1930 नंबर पर शिकायत कर सकते हैं।

नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्री प्रवीण शर्मा ने कहा कि लड़कियों ने आत्म रक्षा की ट्रेनिंग ली है तब से अब तक लड़कियां बिना डरे कालेज आना जाना कर रही है। किसी भी पर्यटन स्थल पर भी घूमने जा रही है। आप सभी छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनने का यह मौका मिल रहा हैं। प्राचार्य डा. सुशील फड़के ने कहा कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं वसुधा विकास संस्थान द्वारा पूर्व में भी छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया था। इसी तरह प्रशिक्षण चलते रहना चाहिए। प्रोफेसर डॉ.बीआर पाटिल ने कहा कि आप सभी को अपने पर्सनल फोटो इंटरनेट मीडिया पर नहीं डालना चाहिए क्योंकि अभी आर्टिफिशियल इंटलीजेंश के एप्लीकेशन के माध्यम से फोटो का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारी वसुधा विकास संस्थान के श्री मिथुन रावत ने दी।

## एक दिवसीय महिला जागरूकता सेमिनार का आयोजन

# आयोजन शिक्षाप्रद एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्णः अरूण यादव



खरगोन। मंगलवार 12 दिसम्बर 2023 को जी. आर. व्हाय. इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी, बोरावां में अध्ययनरत बी.फार्मा एवं डिप्लोमा फॉर्मेसी की छात्राओं के लिए ''स्तन और डिंबग्रथी केंसर'' पर लिंग संवेदीकरण समिति द्वारा एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया । सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये रोग से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी देने के साथ ही उन्हे अनुवांशिक कारकों और उचित जीवनशैली के बारे में शिक्षित ओर सशक्त बनाना था। सेमिनार का प्रस्तुतिकरण समिति की अध्यक्ष श्रीमति निधि नामदेव एवं समन्वयक श्रीमति सोनम कुकलोरिया द्वारा किया गया। सेमिनार के माध्यम से अध्ययनरत छात्राओं को स्तन एवं डिंबग्रंथी कैंसर का शीघ्र पता लगाने के तरीकों, जोखिम, प्रारंभिक लक्षणों, कारकों, रोकथाम एवं उपचार सहित अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की । साथ ही छात्राओं को अपने स्वास्थ के बारे में उचित निर्णय लेने, सक्रिय उपायों और नियमित स्वास्थ जांच को प्रोत्साहित करने के लिये आवश्यक जानकारी दी गई । संस्था के प्राचार्य डॉ. सुजीत पिल्लई ने जानकारी देते हुए बताया कि जी. आर. व्हाय. इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी सदैव अपने विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ और सहायक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान विद्यार्थियों के न केवल शैक्षणिक ज्ञान बल्कि मूल्यवान जीवन, कौशल को भी हमेशा से बढ़ावा देते आई है। डॉ. पिल्लई ने महत्वपूर्ण स्वास्थ संबंधित विषय पर आयोजित सेमिनार की सराहना की एवं छात्राओं के लिए महिला सशक्तिकरण और जागरूकता संबंधित विषयों पर भविष्य में ऐसे ही आयोजन के लिए लिंग संवेदीकरण समिति को निर्देशित किया। सेमीनार में उपस्थित सभी छात्राओं ने सेमिनार मे सर्क्रिय रूप से भाग लिया और उनके व्यक्तिगत एवं व्यवसायिक विकास में योगदान देने वाले कार्यक्रम के आयोजन में संस्थान की पहल के लिए आभार व्यक्त किया ।

# लगातार हो रही चोरियों से नाराज पैराडाइस वासियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

## एसपी ने सिविल लाईन टीआई को लगाई फटकार बोले खुद करूंगा घटना स्थल का दौरा



**छतरपुर।** पन्ना रोड पर स्थित शहर की पॉस कॉलौनियों से सुमार पैराडाईस सिटी में लगातार हो रही चोरियों से नाराज होकर कॉलौनी के लोगों ने आज पुलिस अधीक्षक अमित सांघी को एक ज्ञापन सौंपा और शीघ्र ही चोरियों का खुलाशा करने की मांग की। कॉलौनी वासियों की मांग पर पुलिस कप्तान ने तुरंत एक्शन लेते हुए दूरभाष पर सिविल लाईन टीआई कमलेश साहू से बात की और कहा कि यदि 3 दिन में चोरियां नहीं पकड़ी गई तो बीट प्रभारी को तुरंत लाईन अटैच कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पॉस कॉलौनियों में हो रही चोरियों को रोकने के लिए गैंग को पकड़ना जरूरी है जब तक गैंग नहीं पकड़ा जाएगा तब तक चोरियां नहीं रूक सकतीं।

ज्ञात हो कि गत 10 दिसम्बर की तड़के 4 बजे अज्ञात चोरों ने पैराडाईस सिटी के बंगला नं. 96 का ताला तोड़कर लगभग 20 लाख रूपये की चोरी की ली थी। चोरों ने उस वक्त बंगला नं. 96 को अपना निशाना बनाया जब गृह स्वामी रिटायर्ड प्रोफेसर नरेन्द्र जैन परिवार सहित शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए सागर गए हुए थे। उनका परिवार जब 10 दिसम्बर की रात्रि 11 बजे वापिस छतरपुर लौटा और घर का ताला खोलना चाहा तो देखा कि दरवाजे का कुंदा टूटा है और ताला लटका हुआ है अंदर प्रवेश करने पर ज्ञात हुआ कि चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी अलमारियों के लॉकर तोड़कर चुरा लिए हैं। रात में ही पुलिस को सूचना दी गई और 11 दिसम्बर को एफआईआर दर्ज कराई गई लेकिन पुलिस ने सिर्फ 3 लाख रूपये की चोरी होने की बात एफआईआर में दर्ज की जबकि रिटायर्ड प्रोफेसर के घर से तकरीबन 20 लाख रूपये की चोरी हुई है। इसी कॉलौनी में 10 माह पहले बंगला नं. 25 और 6 माह पहले बंगला नं. 92 में भी चोरी की वारदात हो चुकी है लेकिन लापरवाह सिविल लाईन थाना पुलिस अब तक किसी भी चोरी का पता नहीं लगा पाई है। 10 दिसम्बर की रात जो चोरी हुई है उसमें चोर सुरक्षा दीवाल पर लगे कटीले तारों को काटकर और कांच को तोड़कर कॉलौनी में दाखिल हुए, कॉलौनी वासियों ने आशंका जताई कि चोर किसी की पुख्ता सूचना पर कॉलौनी में दाखिल होते हैं और केवल उन्ही घरों को निशाना बनाते हैं जिनके गृह स्वामी घर से बाहर होते हैं। पुलिस कप्तान अमित सांघी ने कहा कि कवर्ड पॉस कॉलौनी में चोरी होना गंभीर विषय है और एक-दो दिन में मैं खुद घटना स्थल का दौरा करूंगा। ज्ञापन सौंपने वालों में पैराडाईज समिति के अध्यक्ष मनोज जैन, सचिव प्रतीक खरे, उपाध्यक्ष मुकेश चौरसिया, कोषाध्यक्ष पीडी चौरसिया, सह सचिव गोपाल जैन, संरक्षक इं. प्रदीप जैन, मुकेश जैन, लखन पाण्डेय, खूब चन्द पाठक, संदीप औलीया, सौरभ खरे व पीड़ित गृह स्वामी रिटायर्ड प्रोफेसर नरेन्द्र जैन उपस्थित थे।

# सब्जी व फुटपाथ पर दुकान लगाने वाली महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार करेः ललिता यादव



छतरपुर। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में फुटपाथ पर सब्जी व अन्य सामग्री बेचने वाली महिलाओं के साथ नगर पालिका अमला व पुलिस अमला सम्मानजनक व्यवहार करे। किसी भी प्रकार की महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नही होगा। यह बात आज छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कही।

गौरतलब है कि आज छत्रसाल चौराहो पर सिगाड़े, छीताफल व अन्य सामग्री बेच रही महिलाओं के साथ नगर पालिका के उडन् दस्ता के कर्मचारियों ने महिलाओं की दुकाने फेकने की धमकी दिए जाने की सूचना महिलाओं द्वारा विधायक श्रीमती ललिता यादव को दी गई थी।

छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने व्यवस्था बनाने में सहयोग करने की बात साफ करते हुए नगर पालिका व पुलिस अमले से साफ कहा है कि व्यवस्था बनाने के लिए सबसे पहले शहर में जगह-जगह खड़ें फल व सब्जी के हाथठेलो व चौराहो पर अतिक्रमण किए अतिक्रमणकारियों को व्यवस्थित करने कार्यवाही की जाए। छोटे-छोटे दुकानदारों को हटाकर वाहवाही न लूटी जाएं। अब इस प्रकार की कोई भी कार्यवाही बिना आम सहमति के बर्दाश्त नही होगी।

# भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने विधानसभा चुनाव में निभाई कुशल संगठक की भूमिका

# विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने नए जोश के साथ हर बूथ पर सक्रियता से किया काम :शर्मा

बरेली। रायसेन जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की रायसेन जिले में विधानसभा टिकट से लेकर चुनाव जीतने तक महत्वपूर्ण भूमिका रही है रायसेन जिले में संगठन के नेतृत्व पर हर बूथ पर 51 प्रतिशत मत पाने के लिए वह एक कुशल संगठक के रूप में जुटे तो वह प्रदेश नेतृत्व के बीच अच्छे समन्वयक की भूमिका निभाई रायसेन जिले में चारों विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी के तीन भाजपा प्रत्याशी सांची से प्रभुराम चौधरी, भोजपुर से सुरेंद्र पटवा , उदयपुरा से नरेंद्र शिवाजी पटेल विधानसभा में प्रचंड मतों से विजय हुई है इस विजय का मुख्य कारण रायसेन जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रत्येक कार्यकर्ता ने हर बूथ पर मजबूती से मेरा बूथ सबसे मजबूत मूल मंत्र पर काम किया 7 भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा भाजपा की रतीनिती में रचे बसे है प्रदेश के दिग्गजों का रायसेन जिले विषेश स्नेह रहा है उनकी भावना को समझने हुए डॉ जयप्रकाश किरार ने बूथ स्तर प्रदेश स्तर नयाव संतुलन कायम किया है यह चुनौती पूर्ण इस लिए भी रहा क्योंकि रायसेन जिला एक और जहाँ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले जैसा है दूसरी और जिले के कई भाजपा नेता प्रदेश में खास संपर्क रखते हैं ऐसे में नीचे से ऊपर तक तालमेल बनाना आसान काम नहीं था राकेश शर्मा ने इस चुनौती को स्वीकार किया और प्रत्येक स्तर तक समान्य कार्यकता से लेकर नेताओं तक सतत संवाद और समन्वय की नीति पर चलकर यह चमत्कार कर दिखाया और भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में तीन विधानसभाओं पर अपना कब्जा बरकरार रखा 7

**प्रदेश संगठन के चाहते हैं राकेश शर्मा:**रायसेन जिले पर प्रदेश के सभी नेताओं की खास नजर रहती है उन्होंने बार बार जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा की छमताओ को



परखा और आजमाया है यही कारण है राकेश शर्मा सगठन से लेकर सत्ता तक सभी के लाडले बने हुए हैं प्रदेश के दिग्गज भाजपा नेता श्री शर्मा के प्रति अपना विश्वास और लॉर्ड सर्वजनिक रूप से जताने से कोई परहेज नहीं करते मध्यप्रदेश प्रदेश संगठन मंत्री तक जिला अध्यक्ष किरार को रायसेन जिले में बूथ स्तर से जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर बधाई दे चुके हैं 7

**कार्यकर्ताओं को भरोसा :** रायसेन जिला भोगूलिक रूप से काफी विस्तारित है जिले के आखरी छोर से जिला मुख्यालय रायसेन की दूरी करीब 200 किलोमीटर हो जाती है जब कोई कार्यकता कोई उमीद लेकर जिला मुख्यालय पहुंचता है तो राकेश शर्मा पूरी संवेदनशीलता के साथ उस कार्यकता की समस्या को हल करबाने में जुट जाते हैं यही कारण है कि दूर दराज के गॉंव के भाजपा कार्यकर्ता अपने नेता के रूप में राकेश शर्मा पर गर्व करते हैं

**श्रेय सभी को जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्माः** रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं में से तीन विधानसभाओं में प्रचंड मतों से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय हुए हैं तीनों विधानसभाओं में भाजपा के एक पक्षीय आधिपत्य ने कांग्रेस को एकदम हासिए पर ला दिया है उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जब राकेश शर्मा को इसका श्रेय देना चाहा तो उन्होने विनम्रता से कहा कि यह उनकी नहीं बलकी भाजपा के समान्य कार्यकताओं से लेकर जिला और प्रदेश तक सभी नेताओं के श्रम तथा सुनओजित नीति परिमाण में एक और उन्होंने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को उनके बहतर प्रदशॅन के लिए धन्यवाद दिया वहीँ उन्होंने दूसरी और सभी स्तरों के नेताओं के कुशल मागदर्शन के लिए आभार जताया उन्होंने कहा कि कदम कदम पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ,प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं चुनाव के दौरान जिले में आए चुनाव प्रभारी सहित जिले के मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत,सुरेन्द्र पटवा सहित सभी नेताओं ने मागदर्शन दिया है 7

# NMC issues notice to 349 medical colleges for standards violation: Report

The National Medical Commission (NMC) has issued show cause notice to around 50 per cent of medical colleges for not following standards set by them, sources said on Monday.

While speaking to ANI, sources said that half of medical colleges in India may lose recognition for not following the NMC standards.

Click here to follow our WhatsApp channel Show cause notices have been issued to 349 medical colleges-- 197 government-aided and others private.

"If colleges will not rectify the error then admission in these colleges will be kept on hold for one year," the sources said.

The NMC has issued a show cause notice to a medical college in Kerala's Idukki after finding a deficiency in attendance and failure to meet required faculty requirements (Minimum Standard Requirements 2020), sources said.




"Your college has failed to meet the required faculty requirement (MSR 2020) for the existing MBBS Course being run in the college for 2023-24. This has been viewed seriously by the Competent Authority. Therefore, your college is hereby directed as to why the action should not be initiated against the non-compliance of the provisions contained in MSR as well as directions issued by NMC," the show cause notice read.

Accordingly, as per sources, a show cause notice was issued to the medical college in Barmer, Rajasthan.

The college has failed to the required faculty requirement (Minimum Standard Requirements 2020) for the existing MBBS Course being run in the college for 2023-24, they said.

Moreover, many colleges don't meet the guidelines for attendance which are mandatory for faculty and senior resident doctors.

As per clause 3.2 of MSR 2023 guidelines, at least 75 per cent attendance of all faculty and Senior Resident Doctors is mandatory.

In India, around 40 medical colleges have lost recognition in the last one to two months of period for not following standards set by the National Medical Commission (NMC), the sources told ANI.

Earlier in May, the action was taken on the basis of not following norms and lapses related to fewer faculty and several lapses related to CCTV cameras, they added.

According to government data, the number of medical colleges has increased to 654 from 387-- almost double-- since 2014. The number of MBBS seats has also increased to 94 per cent.

## एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर भारत की पहली लिस्टिंग




एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में आज भारत की पहली लिस्टिंग श्री आशीषकुमार चौहान (प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) की उपस्थिति में हुई और इस मौके पर डॉ. आर बालासुब्रमण्यम (अध्यक्ष, सलाहकार समिति, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी), श्री रमेश स्वामी (संस्थापक निदेशक, उन्नति), श्री अश्वनी भाटिया (पूर्णकालिक सदस्य, सेबी) तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति अपने आज के एनएसई दौरे के दौरान मौजूद रहे।

## इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को 180 मिलियन रुपये का नया ऑर्डर मिला

**मुंबई, एजेंसी।** लाइफ एसेंशियल्स के बिज़नेस में लगी एक प्रमुख कंपनी, इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को प्रीमियम चावल की आपूर्ति के लिए 180 मिलियन का एक और नया ऑर्डर मिला है, इस प्रकार कंसोलिडेटेड ऑर्डर बुक 300 मिलियन हो गई है, जो चालू वर्ष के अंदर पूरी हो जाएगी। मौजूदा ऑर्डर बुक, सोर्सिंग और सप्लाईज़ प्लान के क्रियान्वयन के साथ कंपनी चालू वित्त वर्ष के दौरान सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत की ओवरऑल ग्रोथ हासिल कर रही है। इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में निर्धारित रेवेन्यू टार्गेट्स को पार करते हुए तेजी से आगे बढ़ रही है, जीवन की आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती मांग में स्थापित जबरदस्त बिज़नेस पोटेंशियल का दोहन करने के लिए विभिन्न स्ट्रेटिजिक इंटीग्रेशन/लाइफ एसेंशियल्स और लाइफ स्टाइल प्रोडक्ट्स की वाइड वैरायटी, थोक और विशेष सामग्रियों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रोडक्शन और मार्केटिंग के साथ अधिग्रहण की खोज करते हुए तेजी से वृद्धि दर्ज कर रही है।


## विकास इकोटेक लिमिटेड ने अपने डेट रिडक्शन प्रोग्राम के तहत 123 मिलियन रुपये चुकाए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्पेशलिटी पॉलिमर और स्पेशलिटी एडिटिव्स के कारोबार में लगी विकास इकोटेक लिमिटेड ने अपने पूर्व-निर्धारित डेट रिडक्शन प्रोग्राम (ऋण कटौती कार्यक्रम) के एक हिस्से के रूप में बैंकर्स को 123 मिलियन रुपये का भुगतान किया है। कंपनी ने टार्गेटेड डेट रिडक्शन नंबर की ओर बढ़ते हुए, अगस्त-सितंबर%2021 के दौरान प्रक्रिया शुरू की और तब से कंपनी ने बैंकर्स को कुल 1187 मिलियन रुपये का भुगतान किया है; इस प्रकार कुल बैंक ऋण लगभग 1612 मिलियन रुपये से वर्तमान में 425 मिलियन रुपये तक घटाया गया है, जो पीक लेवल से लगभग 74त्न कम हुआ है। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की कि उसे विशेष पॉलिमर कंपाउंड के लिए लगभग 225 मिलियन रुपये के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। इन ऑर्डर्स की सर्विस लेटेस्ट 15 फरवरी तक अगले 30-45 दिनों के अंदर दी जाएगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में स्पेशलिटी पॉलिमर कंपाउंड्स बिज़नेस वर्टिकल से अब तक इन ऑर्डर्स के साथ लगभग 1000 मिलियन रुपये का राजस्व योगदान हासिल करेगी और जनवरी-मार्च 2024 के दौरान आने वाले सीज़नल एक्सपोर्ट पीरियड में ऑर्डर इन्फ्लो के एक और मुकाबले पर नज़र बनाए हुए है।

## प्रभा खेतान फाउंडेशन ने किताब कार्यक्रम में अनंत विजय की पुस्तक के अनावरण के साथ अयोध्या चैप्टर की शुरुआत की

**मुंबई, एजेंसी।** प्रभा खेतान फाउंडेशन (पीकेएफ) ने अयोध्या के राज सदन में स्थित रॉयल पैलेस में प्रतिष्ठित पत्रकार और लेखक अनंत विजय की नयी हिंदी पुस्तक, ओवर द टॉप- ओटीटी का मायाजाल के अनावरण के साथ अयोध्या में अपने नए चैप्टर की शुरुआत के साथ अपने सांस्कृतिक और साहित्यिक पदयात्रा का विस्तार किया।अयोध्या में शाही परिवार के वंशज और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्रा ने शहर में रहने वाले अन्य बड़ी हस्तियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से अनंत विजय की पुस्तक का अनावरण किया। इस मौके पर मौजूद अन्य गणमान्य समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों में गिरीश पति त्रिपाठी (अयोध्या के मेयर), राज करण नैय्यर (एसएसपी अयोध्या), पंडित मिथिलेश नंदिनी शरण, गौरव दयाल (अयोध्या के पुलिस आयुक्त) के अलावा समाज के कई अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे।इस कार्यक्रम के बाद संवाद सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज राजन त्रिपाठी के साथ चर्चा सत्र में लेखक अनंत विजय ने अपनी इस पुस्तक से लेकर कहानियां, उपाख्यान और अंतर्दृष्टि से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचारों को साझा किया। प्रभा खेतान फाउंडेशन ने हाल ही में भारत और विदेशों में 55 से अधिक शहरों में अपने सांस्कृतिक और साहित्यिक पदचिह्न का विस्तार करने के लिए न्यूयॉर्क, भूटान और उत्तर-पूर्व भारत के सात राज्यों के कुछ प्रमुख शहरों को शामिल किया है, जिसमें भगवान राम की नगरी अयोध्या का नवीनतम जुड़ाव शामिल है।

## एचडीएफसी लाइफ ने गारंटीकृत लाभ के साथ एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया



मुंबई, एजेंसी। भारत की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एक नया प्रोडक्ट - एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया है। यह एक गारंटीड सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह प्लान अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, अनीश खन्ना, हेड प्रोडक्ट्स एंड सेग्मेंट्स, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, हर काम की शुरुआत एक सपने से होती है, और सपना कितना ही बड़ा क्यों ना हो, इसे सच बनाने के लिए आपको तुरंत एक सुरक्षित कदम के साथ शुरुआत करनी होगी।इसी प्रकार, जीवन लक्ष्य भी नियमित बचत एवं योजना बनाने से ही पूरे होते हैं। आप भी एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव प्रोडक्ट के साथ आज ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए पहला सुरक्षित कदम उठा सकते हैं। यह एक ऐसा प्लान है, जो गारंटीकृत रिटर्न्सस्र की सुरक्षा के साथ अनलिमिटेड कॉम्बिनेशन प्रदान करता है।



श्री भजनलाल शर्मा.... सुदामा की गरीबी देखनी हो तो यह तस्वीर देखो। पीछे रखी 'खाट' और 'बक्सा' सबकुछ बयान कर रहा है।सोने का चम्मच लेकर पैदा नही हुए हैं ये। स्वागत कीजिए इनका। गरीबी देखी है जी ई है इन्होंने। गरीबी को समझते हैं। राजस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## आयात, नरम मांग से इस्पात के दाम कम



नई दिल्ली, एजेंसी। आयात में बढ़ोतरी और त्योहार के बाद मांग में कमी ने देश की इस्पात मिलों को दामों में कमी के लिए प्रेरित किया है, जबकि वैश्विक स्तर पर दाम बढ़ रहे हैं। बाजार के सूत्रों के मुताबिक इस्पात कंपनियों ने दिसंबर के लिए सुझाए खुदरा दामों (लिस्ट प्राइस) में दो से तीन प्रतिशत तक की कटौती की है ताकि दाम बाजार स्तर के अनुरूप हो सकें।

एक प्रमुख उत्पादक ने कहा कि यह ऐसी कमी थी ताकि कारोबार अब तक हुए आयात के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। इस्पात उद्योग कुछ महीनों से बढ़ते आयात, खास तौर पर चीन से कम दाम वाली सामग्री के संबंध में चिंता जताता रहा है। उद्योग जगत ने इसे सरकार के समक्ष भी उठाया है। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) के मुख्य विपणन अधिकारी रंजन धर ने कहा कि भारतीय इस्पात क्षेत्र वर्तमान में आयात-जनित बाधाओं से जूझ रहा है लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक-दो महीने से बाजार के दाम मिल के दामों से कम पर कारोबार कर रहे हैं। जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी जयंत आचार्य ने कहा कि बाहर के कमजोर माहौल की वजह से आयात की तीव्रता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के साथ भारत कम कीमतों पर वैश्विक व्यापार के लिए आकर्षक बाजार बन गया है। उन्होंने कहा कि आयात में चीन की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है और यह 52 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। एफटीए देशों से शून्य शुल्क स्तर वाला आयात भी बढ़ गया है। आचार्य ने कहा कि उनमें से कुछ ऋणात्मक मार्जिन पर काम कर रहे हैं और उस सामग्री को भारत में डंप कर रहे हैं।

## अमेजन डाट इन ने पेश किया ट्रैवल फिएस्टा


**मुंबई, एजेंसी।** अगर आप भी अंतिम समय में ट्रैवल प्लान बनाने के झंझट से बचना चाहते हैं और छुट्टियों का भरपूर मजा लेना चाहते हैं, तो आपके लिए अमेजन डाट इन ने 12 से 17 दिसंबर, 2023 के बीच ट्रैवल फिएस्टा की घोषणा की है। इस ट्रैवल फिएस्टा के साथ आप हवाई टिकटों और होटल बुकिंग की आसमान छूती कीमतों की टेंशन से निजात पा सकते हैं। ट्रैवल फिएस्टा के साथ, आप जल्दबाजी में तैयार किए गए ट्रैवल प्लान पर बेहतरीन ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। तो फिर देर किस बात की, अपने बैग तैयार करें, अपना ट्रैवल प्लान बनाएं और झंझट रहित सफर पर निकल पड़ें। यहां आप यात्रा से संबंधित टॉप-रेटेड प्रोडक्ट को किफायती कीमतों पर खरीद सकते हैं। यहां उपलब्ध सभी प्रोडक्ट 4-स्टार या फिर इससे अधिक रेटिंग के साथ आते हैं, साथ ही इन्हें 2 दिनों के भीतर डिलीवर भी कर दिया जाता है। इसके अलावा, अमेजन पे से भुगतान करने पर आप रोमांचक ऑफ़र और कैशबैक का भी लाभ उठा सकते हैं। अपने ट्रैवल प्लान को और भी बेहतर बनाने और अमेजन डाट इन के साथ अंतिम समय की बुकिंग में होने वाले झंझटों से बचने के लिए कुछ शानदार टिप्स यहां दिए गए हैं। स्टाइल के साथ उड़ान भरें, किफायती कीमतों पर ठाठ के साथ रहें अंतिम समय में अपना ट्रैवल प्लान तैयार करना इतना आसान कभी नहीं था। अब आप अमेजन पे के साथ हवाई टिकटों पर 15प्रतिशत तक की छूट और होटल बुकिंग पर 40प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही यहां आप अपनी सभी ट्रेन और बस टिकटों पर रोमांचक ऑफ़र प्राप्त कर सकते हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो कि आपके अंतिम समय के वेकेशन प्लान न केवल सुविधाजनक हों बल्कि फायदेमंद भी हों! आप चाहें पहाड़ों का सफर करने की योजना बना रहे हैं या फिर समुद्र तटों की सैर की! आप जब भी अमेजन पे पर बुकिंग करें तो सबसे पहले किफायती कीमतों पर लक्जरी होटलों स्टे के लिए यहां मौजूद होटल और रिसॉर्ट्स की पूरी लिस्ट जरूर देख लें। ट्रैवल फ़िएस्टा के साथ, किफायती कीमतों पर अपनी अंतिम समय के ट्रैवल प्लान तैयार करें और सबसे फायदेमंद डील प्राप्त करें। नए दौर के एक्सप्लोरर के लिए जरूरी ट्रैवल प्रोडक्ट ङ्क क्या आप इस बात को लेकर परेशान हैं कि सफर से जुड़ी जरूरी सामान एक ही स्थान पर और किफायती कीमतों पर कहाँ से खरीदें घबराएं नहीं, ट्रैवल फिएस्टा यहां आपके लिए हाजिर है। शानदार कीमतों के साथ ट्रैवल एक्सेसरीज जैसे स्टाइलिश लगेज , तकिए , वेस्ट बैग , मास्क , शू बैग , ट्रैवल पाउच , एडॉप्टर , लगेज टैग , सीट कुशन आदि जैसी ट्रैवल एक्सेसरीज पर खास डील्स पाएं और अपने सफर को यादगार बनाएं। इसके अलावा, अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ सभी शॉपिंग पर प्राइम सदस्यों को 5 प्रतिशत का अतिरिक्त कैशबैक और गैर-प्राइम सदस्यों को 3प्रतिशत कैशबैक मिल सकता है। इस फीचर का फायदा उठाएं और अमेजन डाट इन के साथ ज्यादा से ज्यादा बचत करें। अब, वह कैम्पिंग ट्रिप या आपकी सोलो ट्रिप बस एक क्लिक दूर है! अमेजन डाट इन के साथ स्मार्ट ट्रैवल करें। बेहद जरूरी ट्रैवल गैजेट्स के साथ हर एडवेंचर की यादों को कैद करें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका ट्रैवल प्लान कितना सहज है! अमेजन डाट इन के ट्रैवल फिएस्टा के साथ, रोमांचक और जरूरी ट्रैवल गैजेट की शॉपिंग करें। ये गैजेट्स आपके ट्रैवल से जुड़ी यादों को संजोने का काम करेंगे। आपके यादगार पलों को कैद करने से लेकर यात्रा को और भीसुविधाजनक बनाने के लिए, अमेजन डाट इन की ओर से एक ऐसा संग्रह तैयार किया है जो आपकी ट्रिप को अब तक की सबसे यादगार ट्रिप बना देंगे। एक्शन कैमरा , इंस्टाएक्स कैमरा , डिजिटल एसएलआर , डीएसएलआर, गिंबल , ट्राइपॉड , सेल्फी स्टिक , स्मार्टफोन गिंबल स्टेबलाइजर जैसी एक्सेसरीज के साथ अपने यादगार मौकों को कैप्चर करें। इसकेअलावा आप यहां से हाई क्वालिटी वाले हैडफोन और इयरबड के साथ ट्रैवल के वक्त खूबसूरत संगीत का मजा भी उठासकते हैं। इसके साथ ही आप अमेजन डाट इन पर उपलब्ध भरोसेमंद पावरबैंक हमेशा जुड़े रह सकते हैं।

## खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से महंगाई दर 3 महीने के उच्चतम स्तर पर



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में तीन महीनों में अपनी सबसे तेज गति से बढ़ी, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि थी। नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गया। अक्टूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 4.87 प्रतिशत और सितंबर में 5.02 प्रतिशत था। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति हालांकि आरबीआई के 2-6 प्रतिशत के संतोषजनक स्तर पर है, लेकिन आदर्श स्थिति 4 प्रतिशत के से ऊपर है। कुल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में करीब आधी हिस्सेदारी रखने वाली खाद्य मुद्रास्फीति नवंबर में 8.70 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 6.61 प्रतिशत थी। सालाना आधार पर नवंबर में मोटे अनाजों की कीमतों में 10.27 फीसदी और सब्जियों की कीमतों में 17.7 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने दालों में 20.23 प्रतिशत, मसालों में 21.55 प्रतिशत और फलों की कीमतों में 10.95 प्रतिशत की तेजी आई। मासिक आधार पर खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब रिजर्व बैंक ने लगातार पांचवीं बार रेपो दर में यथास्थिति बरकरार रखी है।

## देश के अमीरों की सूची में पांचवें नंबर पर पहुंचीं सावित्री जिंदल, अजीम प्रेमजी से आगे निकलीं



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल अब दौलत के मामले में विप्रो के मालिक अजीम प्रेमजी से आगे निकलते हुए सातवें नंबर से पांचवें नंबर पर आ गई हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 25 अरब डॉलर तक पहुंच गई। पिछले दो साल में ही उनकी दौलत में भारी इजाफा हुआ। वहीं इस दौरान अजीम प्रेमजी की संपत्ति में 42 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

कभी कॉलेज नहीं गई, लेकिन संभाल लिया पूरा कारोबार

असम के तिनसुकिया में 20 मार्च 1950 को सावित्री जिंदल का जन्म हुआ था। उनका विवाह 1970 में जिंदल ग्रुप के संस्थापक ओमप्रकाश जिंदल से हुई थी। उनके 9 बच्चे हैं। जब वे 55 साल की थीं, तब हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उनके पति की मौत हो गई थी। ओम प्रकाश जिंदल हरियाणा सरकार में मंत्री भी रहे थे। पति की मौत के बाद उन्होंने पूरा कारोबार संभाला।

भारत के सबसे रईस लोगों की सूची में विप्रो के मालिक अजीम प्रेमजी कभी पहले नंबर पर थे। लेकिन पिछले वर्षों में उनकी नेटवर्थ में बड़ी कमी दर्ज की गई। पिछले दो वर्षों में कंपनी के शेयर में 42 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। जिसका असर प्रेमजी की संपत्ति पर भी पड़ा और अब वे देश के अमीरों की सूची में छठे नंबर पर आ गए हैं।

## हिकविजन इंडिया ने इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस में नवीनतम एलॉट उत्पाद और समाधान प्रदर्शित किए

मुंबई, एजेंसी। हिकविजन इंडिया ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इंफॉर्मा मार्केट्स द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस (आईएफएसईसी) के 16वें संस्करण में आइडीपी-डी5सी, लेक्चर कैप्चर ब्रॉडकास्टिंग सीरीज और वीडियो इंटरकॉम प्रोडक्ट्स के साथ नए एलॉट उत्पादों और समाधानों का अनावरण किया है। श्री डी.आर. कार्तिकेयन, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक (मुख्य अतिथि) और आर. सत्यसुंदरम, आईपीएस, अतिरिक्त सीपी ट्रैफिक, दिल्ली पुलिस (सम्मानित अतिथि) इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में अतिथि थे।दीप प्रज्वलन समारोह और गणेश वंदना के बाद डी.आर. कार्तिकेयन ने अपने मुख्य भाषण में सभा को संबोधित किया, उन्होंने गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा उत्पादों और उन्नत सुरक्षा समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है।

सबसे बड़े और सुंदर ढंग से डिजाइन किए गए हिकविजन इंडिया बूथ ने इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस (आईएफएसईसी) में सुरक्षा उद्योग के पेशेवरों, अंतिम-उपयोगकर्ताओं और समझदार आगंतुकों को आकर्षित किया। इसके उन्नत सुरक्षा उत्पादों और समाधानों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। समझदार सुरक्षा पेशेवरों और आगंतुकों ने हिकविजन इंडिया बूथ पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स और आईओटी जैसी ट्रेंडिंग परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों में अपनी गहरी रुचि व्यक्त की।

इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस के समृद्ध अनुभव पर बोलते हुए, आशीष पी. धकान, एमडी और सीईओ, प्रामा हिकविजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। लिमिटेड ने कहा, हम इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस 2023 में अपने बूथ पर अग्रणी साझेदारों, अंतिम-उपयोगकर्ताओं और सिस्टम इंटीग्रेटर्स के साथ-साथ युवा आगंतुकों और नई संभावनाओं को देखकर खुश हैं। यह सुरक्षा उद्योग का कुंभ मेला है। भारत के साथ-साथ दक्षिण एशिया प्रशांत क्षेत्र भी। इस प्रमुख कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा उद्योग के साथियों, अंतिम-उपयोगकर्ताओं और भागीदारों से जुड़ना है। इस बार आईएफएसईसी नए प्रोडक्ट्स और फ्रिंज प्रोग्राम्स के कारण बेहद खास है।




उन्होंने आगे कहा, हमने अन्य नए उत्पादों के साथ इंटरएक्टिव डिस्प्ले पैनल (आईडीपी-डी5सी), लेक्चर कैप्चर ब्रॉडकास्टिंग (एलसीबी) सीरीज और न्यू वीडियो इंटरकॉम (वीडीपी) उत्पाद पेश किए हैं। हिकविजन इंडिया ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजीज में नवीनतम तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन किया। हमने वीडियो सुरक्षा, एक्सेस कंट्रोल, घुसपैठ अलार्म, निरीक्षण और परिधि सुरक्षा खंडों में नवीनतम उत्पादों और समाधानों का अनावरण किया। हमने मोबाइल रोबोट उत्पाद, मशीन विजन उत्पाद और लॉजिस्टिक विजन सॉल्यूशंस भी प्रदर्शित किए।

स्थायित्व के लिए डिज़ाइन किया गया, डीएस-केडी 9403-इ6 विभिन्न मौसम की स्थितियों का सामना कर सकता है, जिससे समय के साथ विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित होता है। मौजूदा सुरक्षा प्रणालियों के साथ इसकी अनुकूलता एकीकरण को सहज और कुशल बनाती है। उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस के साथ, यह डोर स्टेशन पहुंच और उपयोग में आसानी को प्राथमिकता देता है। डिवाइस दिन और रात दोनों में उत्कृष्टता प्रदान करता है और 24/7 सुरक्षा कवरेज सुनिश्चित करता है।

## ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव का रंगारंग आयोजन



**छिंदवाड़ा।** कल ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव के रंगारंग आयोजन का समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत व मार्चपास्ट के साथ हुई। साथ ही इस आयोजन में योगा इवेंट, स्कूल एंथम, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, गोला फेक, चकती फेक, मेंढक दौड़, स्लो साइकिल रेस, हैंडबॉल, स्पोर्ट्स कैटवॉक, खो खो का आयोजन किया गया।साथ ही सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृति विद्यापीठ सोसायटी के अध्यक्ष धन्यकुमार जैन,सोसायटी के सदस्य रिया जैन, त्रिशाला जैन, आस्था जैन, प्रिया जैन, शाला प्राचार्य जयेश डबली, पालकगण, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## मध्य प्रदेश सिविल सर्विसेज क्रिकेट टीम में अबूजर खान का हुआ चयन

**छिंदवाड़ा।** लोक निर्माण विभाग छिंदवाड़ा में कार्यरत स्वर्गीय जाहिद खान के सुपुत्र और क्रिकेट खिलाड़ी अबूजर



खान का चयन, ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मध्य प्रदेश सिविल सर्विसेज क्रिकेट टीम में हुआ है। यह छिंदवाड़ा के लिए गर्व की बात है। छिंदवाड़ा का बेटा मध्य प्रदेश सिविल सर्विसेज क्रिकेट टीम में अपने खेल का प्रदर्शन करेगा। गौरतलब हो कि ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट 15 दिसंबर 2023 से दिल्ली में शुरू होने वाला है। जिसमें मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम 13 दिसंबर को भोपाल से दिल्ली के लिए रवाना हुई है। इस कामयाबी का श्रेय अबूजर ने अपने माता-पिता, परिवार जन, शुभचिंतक और विशेष तौर पर उनके लोक निर्माण विभाग कार्यालय के कार्यपालन यंत्री आसिफ मंडल और समस्त स्टाफ को दिया है। अबूजर कहते हैं कि इनकी वजह से समय-समय पर क्रिकेट प्रैक्टिस करने के लिए छूट दी जाती थी। जिसके लिए अबूजर ने सभी का शुक्रिया अदा किया है....

## मढई गए युवक हुआ लापता

**अमरवाड़ा ।** ग्राम लहगडूआ का रहने वाला युवक रेशम पिता गणेश यूएई की उम्र 26 वर्ष अपनी पत्नी से ग्राम गुटेला की मढ़ई आज से 10 दिनों पूर्व कहकर लहगडुआ से गया हुआ था जो घर वापस नहीं नहीं आया तो पत्नी बबली ने रेशम को फोन लगाया तो फोन बंद आ रहा था दूसरे दिन से आज तक पति को तलाश करती हुई पत्नी बबली ने थाने आकर रिपोर्ट पर रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर विवेचना में लिया

### दो जुआ फड़ में पुलिस ने दी दबिश

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत शहर में सहायक उप निरीक्षक द्वारका पाल ने मुख्यवीर द्वारा बताए गए स्थान में जाकर छापा मार करवाई कर नरेंद्र बगैर से?1080 तथा दूसरे प्रकरण में गगन आदि को जुआ खेलते दर्द बच्चा उनके पास से 910 रुपए एवं 52 पत्ती ताश के बरामद कर तेरा जुआ एक्ट में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

### सेजा में पकड़े कच्ची शराब

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सेजा मैं राधेलाल नामक व्यक्ति के पास से 6 लीटर कच्ची महुआ की देसी शराब सहायक उप निरीक्षक द्वारका पाल ने बरामद कर आबकारी एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

## आज बंद रहेगी लाइट

अमरवाड़ा। गुरुवार को विद्युत बंद की सूचना दी गई है की उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.12.2023 दिन गुरुवार को 132 के. व्ही. सबस्टेशन में वसवार एवं 132 के. व्ही. हर्रई के लिये निकलने वाले नवनिर्मित फीडर का मेंटनेंश कार्य किया जाना है । अतः दिनांक 14.12.2023 को सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33 के. व्ही. अमरवाड़ा, हर्रई, सिंगोड़ी, घोघरी, सुरलाखापा एवं छुई सबस्टेशन तथा निकलने वाले समस्त 11 के. व्ही. फीडर के समस्त ग्रामों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी । उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

## सेक्टर बैठक में बनी कार्य योजना

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 5 में नवांकुर संस्था मंथन शिक्षक कल्याण समिति मोघर के माध्यम से सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर की 12 समितियों ने प्रतिनिधित्व किया बैठक में ब्लॉक समन्वयक श्रीमति ललिता कुशरे मेंटर्स गहर सिंह मेहदोले नावांकुर संस्था के प्रतिनिधि के रूप में अभीष्ट मगरो ले भी उपस्थित रहे ब्लॉक समन्वयक ने समस्त समितियों से आगामी कार्य, कार्यक्रम पर चर्चा व जानकारी दी साथ ही उनके दस्तावेज दुरुस्त कर अपने कार्यों में गति लाने पर समझाईश प्रदान की

# अवैध रेत उत्खनन पर नहीं लग रही रोक

## रात के अंधेरे में दर्जनों वाहनों से आती रेत



**छिंदवाड़ा।** अवैध रेत उत्खनन पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। तामिया क्षेत्र के ग्राम डुंडीशिखर में बनी मुख्यमंत्री सड़क से होते हुए अवैध रेत लेकर वाहन तामिया आ रहे हैं। वन भूमि से प्रतापगढ़ बादला तक अवैध रूप से रेत चोरी के लिए रेत माफियाओं ने रेत चोरी के साथ टोल टैक्स चोरी करने कच्ची सड़क बना ली है। इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई है। बीते दिनों देलाखारी चोकी प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने तीन रेत वाहनों पर कार्रवाई की थी छिंदवाड़ा मटकुली मार्ग में बंजारी गुढी और दौरियाखेड़ा से कई वाहन ट्रक,ट्रेक्टर और यात्री बस सहित अन्य वाहन टोल टैक्स बचाने के लिए डुंडीशिखर से तामिया मुख्यमार्ग में पहुंच रहे हैं डुंडीशिखर के पास सीमित वन क्षेत्र के साथ निजी भूमि है वन एवं राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर रेत माफियाओं पर कार्रवाई की जाएगी। तामिया में रेत चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। रात में दर्जनों वाहन बेखौफ रेत चोरी कर रहे हैं।

### रेत का अवैध उत्खनन करते पकड़ा

दमुआ। कन्हान नदी दमुआ में रेत का अवैध उत्खनन करते एक ट्रैक्टर दमुआ पुलिस ने जप्त कर पुलिस थाना अभिरक्षा में खड़ा किया है और खनिज अधिनियम के तहत मामला कायम किया है इसी तरह वाहनों की जांच पड़ताल कर दमुआ पुलिस द्वारा चालान की कार्यवाही की गई और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई कई वाहनों के चालान भी काटे गए । पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा एवं एसडीओपी जुन्नारदेव के दिशा निर्देश अनुसार दमुआ पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई । दमुआ टी आई कोमल सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए हमारे संवाददाता को यह बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध, काम ,कारोबार, धंधे जैसे कामो में पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### चोरी के तीन आरोपी जेल भेजे गए

जुन्नारदेव पुलिस ने पिछले दिनों हुई इलेक्ट्रानिक्स दुकान में चोरी का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने चोरों के पास से मोटर साइकल सहित अन्य मशरूयका बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी विकास पिता उपराव बेलवंशी निवासी नांदना, जिस्सु उर्फ समीर पिता शेख हदु निवासी डुंगरिया, दिलसार पिता शेख इदु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है‍ एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

### जुंआ खेलते सात पकड़ाए

नवेगांव थाना के अंतर्गत कोठार क्षेत्र में मढ़ई मेले के दौरान पुलिस ने जुंआ खेलते सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक आरोपी राजेश पिता देवा शीलू पर्वत घोघरी निवासी को पकड़ लिया बाकी छः जुंआरी भाग निकलने में सफल हो गए।

## कुश्ती संघ ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

### छिंदवाड़ा जिले की दो बेटियां का कुश्ती में चयन होने पर कुश्ती संघ ने किया सम्मान



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश शासन खेल युवक कल्याण विभाग एवं जिला कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वाधान में छिंदवाड़ा जिले में खेलों का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड पुलिस लाइन और पीजी कॉलेज ग्राउंड में किया जाता है जिसमें कुशल प्रशिक्षक गोविंद इवनाती सोनू दुबे पटवा जी के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है जिला कीड़ा एवं खेल अधिकारी रामराव नागले एवं सहयोगी खेल एवं युवा कल्याण विभाग छिंदवाड़ा और जिला कुश्ती संघ छिंदवाड़ा के पदाधिकारी द्वारा आज स्टेडियम ग्राउंड में स्थित जिला कुश्ती संघ कार्यालय पर खिलाड़ी कोच और कुश्ती संघ के पदाधिकारी सम्मिलित हुए सभी ने मध्य प्रदेश में नए मुख्यमंत्री मोहन यादव जो कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष हैं मुख्यमंत्री के रूप में उनके शपथ ग्रहण की शुभकामना और बधाई प्रेषित कर खुशी जाहिर करते हुए हर्षोल्लास पूर्वक मिष्ठान वितरण किया और संघ के जिला कुश्ती संघ के संरक्षक एवं मीडिया प्रभारी एडवोकेट देवेंद्र वर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश में कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहन यादव और छिंदवाड़ा जिला के अध्यक्ष परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीकि



जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारी सचिव मयूर यादव सहसचिव एडवोकेट हरीश बघेल उपाध्यक्ष पंडित गणेश प्रसाद चौबे के संचालन में खेल एवं युवक कल्याण विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी रामराव नागले कोच गोविंद ईवनाति कलशराम मर्सकोले सोनू दुबे रमेश दादा सकील पहलवान महादेव ठाकरे शिव श्रीबातरी के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है और जिला प्रदेश और नेशनल के लिए भेजा जाता है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उमरेठ निवासी शिवानी पवार खेल चुकी है नेशनल स्तर पर दो खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें दीपिका और सुषमा ईरपाची है नोनिया करबल स्कूल के बच्चे महिला वर्ग व मध्यप्रदेश में आभा ठाकरे व पुरवा ठाकरे ने अपने प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया है छिंदवाड़ा कुश्ती संघ के शिवा पहलवान और भी कई खिलाडियों ने अपना परचम लहराया है और जिला छिंदवाड़ा का नाम रोशन किया है आज सभी को मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया और नेशनल में चयन होने पर शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया

## म.प्र.राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के अंतर्गत परीक्षा की सभी तैयारियां सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर मनोज पुष्प ने निर्देश दिये कि म.प्र. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 के अंतर्गत सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा की सभी तैयारियां अभी से सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष परीक्षा केन्द्र के बाहर ऐसे अनुभवी व्यक्ति की ड्यूटी लगाये जो म.प्र.लोक सेवा आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान कर सके और परीक्षार्थी सहजता से परीक्षा में शामिल हो सकें। कलेक्टर श्री पुष्प ने ये निर्देश आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में म.प्र. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 के अंतर्गत परीक्षा की तैयारियों के संबंध में परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्षों की समीक्षा बैठक में दिये । बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, अतिरिक्त कलेक्टर के.सी.बोपचे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, सहायक कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्री सिध्दार्थ पटेल व उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे । कलेक्टर पुष्प ने निर्देश दिये कि म.प्र.लोक सेवा आयोग से परीक्षा संबधी गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिये नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के बाद जिला कोषालय छिंदवाड़ा के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखें और परीक्षा प्रारंभ होने के एक-एक घंटा पूर्व प्रथम और व्दितीय प्रश्नपत्रों को क्रमश~परीक्षा केन्द्राध्यक्ष को सौंपकर उनसे प्राप्ति अभिस्वीकृति लें ।

## प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को 7 वर्ष का सश्रम कारावास



**छिंदवाड़ा।** सत्र न्यायाधीश छिंदवाड़ा जितेंद्र कुमार शर्मा द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 01 /2022 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी जागेश पिता तिलक चंद यदुवंशी उम्र 32, निवासी जाटाछापर थाना चांदामेटा, जिला छिंदवाड़ा को मारकर जानलेवा चोट पहुंचाने का दोषी पाते हुए सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। घटना का विवरण इस प्रकार है कि आरोपी जागेश द्वारा पलटवाड़ा स्थित मनोज चौधरी के खेत में कुएं में लगी मोटर का वायर निकाल देने के कारण आरोपी और आहत के पुत्र कमलेश साहू के मध्य वादविवाद हुआ, घटना स्थल पर आहत मदन साहू के आने के बाद , वादविवाद के दौरान आरोपी पास ही बन रहे छात्रावास की बिल्डिंग में गया और वहां से वापस हाथ में चाकू लेकर आया और मदन साहू के पेट में मार दिया, जिससे आहत के पेट की अतड़िया बाहर निकल गई।आहत मदन को ठेकेदार की गाड़ी से छिंदवाड़ा चिकित्सालय लाया गया,जहां से उसे इलाज के लिए नागपुर रिफर कर दिया गया। थाना रावनवाड़ा पुलिस द्वारा आरोपी जागेश एवम राममोहन के विरुद्ध धारा 294,307,34 भा.द.वि. का अपराध क्रमांक 218 /2021 पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान आहत मदन,कमलेश एवम अन्य साक्षियों के कथन लिए गए।पश्चात न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया। समस्त अभियोजन साक्षीयों के कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपी जागेश को धारा 307 भा.द.वि. के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को 7 वर्ष के कारावास एवं ?1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया । राज्य की ओर से लोक अभियोजक अजय पालीवाल द्वारा पैरवी की गई।

## स्वास्थ्य मेला और पेंशन, दिव्यांग पेंशन व अन्य योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करें

### विकसित भारत संकल्प यात्रा संबंध में समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर मनोज पुष्प ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सभी एसडीएम और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिये कि विधानसभावार यात्रा का रूट चार्ट तैयार रखें और जैसे ही यात्रा की तारीख निर्धारित होती है तो रूट चार्ट के अनुसार यात्रा प्रारंभ करें । यात्रा के दौरान जिन स्थानों पर बड़े कार्यक्रम होंगे, उन्हें पहले से चिन्हित कर लें और उत्सवपूर्ण माहौल में कार्यक्रम आयोजित करें । इन स्थलों पर योजनाओं से संबंधित सफलता की कहानियों के वीडियो, फोटो प्रदर्शनी और विभिन्न योजनाओं में किये गये नवाचारों या अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों का प्रदर्शन करें । स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा लोगों का उत्साहवर्धन करें। जनप्रतिनिधियों व अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों के विचारों और योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के अनुभव को भी साझा करें तथा स्वास्थ्य मेला और पेंशन, दिव्यांग पेंशन व अन्य योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करें । कलेक्टर श्री पुष्प ने ये निर्देश आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में दिये । कलेक्टर श्री पुष्प ने बैठक में निर्देश दिये कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जैसे ही तारीख निर्धारित होती है, वैसे ही सभी विधानसभाओं के एक साथ यात्रा प्रारंभ करें और प्रथम दिन कार्यक्रम स्थल के लिये ऐसी ग्राम पंचायत का चयन करें जहां अधिक से अधिक हितग्राही, जनप्रतिनिधि और अन्य व्यक्ति सहभागिता कर सकें । कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सूची का वाचन करायें और जिन हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उनकी सूची भी तैयार कर उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें । उन्होंने निर्देश दिये कि भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये आईटी पोर्टल पर यात्रा का रूट चार्ट, कार्यक्रम स्थल की गतिविधियों के वीडियो, फोटोग्राफ, हितग्राहियों के अनुभव, जनप्रतिनिधियों के विचार आदि को सावधानीपूर्वक अपलोड करायें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैसवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये आईटी पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के लिये नियुक्त किये गये अधिकारियों/कर्मचारियों को जनपद पंचायत स्तर पर भी प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ।



## राजस्व प्रकरणों का तीव्र गति से निपटारा करें और प्रगति बढ़ायें

### कलेक्टर श्री पुष्प ने की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर मनोज पुष्प ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संभागीय कमिश्नर की वीसी के संदर्भ में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पार्थ जैसवाल, अतिरिक्त कलेक्टर के.सी.बोपचे, सहायक कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन व सुश्री तनुश्री मीणा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व सिध्दार्थ पटेल, आयुक्त नगरपालिक निगम राहुल सिंह राजपूत व उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि सभी एसडीएम और खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुये ।

बैठक में कलेक्टर श्री पुष्प ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व प्रकरणों का तीव्र गति से निपटारा करें और प्रगति बढ़ायें । उन्होंने राजस्व प्रकरणों में कम प्रगति पाये जाने पर एसडीएम अमरवाड़ा व चौरई और तहसीलदार हर्रई, अमरवाड़ा, मोहखेड व चौरई, नजूल तहसीलदार छिंदवाड़ा और नायब तहसीलदार मोहखेड़ को निर्देश दिये कि एक सप्ताह में अभियान चलाकर प्रगति बढ़ायें, प्रगति कम पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूध्द कार्यवाही की जायेगी । उन्होंने निर्देश दिये कि सीमांकन के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करें और बंटवारा के प्रकरणों के निराकरण के साथ ही प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें । उन्होंने कहा कि आगामी 26 दिसंबर को राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों की प्रगति की पुनः समीक्षा की जायेगी । उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को भी तत्परता से निराकृत करने के निर्देश दिये तथा अतिरिक्त कलेक्टर से प्रतिदिन राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करने के लिये कहा। उन्होंने सभी संबंधित एसडीएम को निर्देश दिये कि छिंदवाड़ा सिंचाई काम्पलेक्स परियोजना के अंतर्गत राजस्व भूमि को वन विभाग को हस्तांतरित करने और नक्शे आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सहयोग प्रदान करें तथा भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों का तत्काल स्टेटस भेजें । उन्होंने बीएलओ की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया और मतदान केन्द्रों के लिये नये भवनों के प्रस्ताव भेजने और मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फोटो निर्वाचक नामावली में दावे व आपत्तियां प्राप्त करने और अन्य कार्यवाहियां पूर्ण करने के संबंध में भी निर्देश दिये। उन्होंने विभागीय जांच के लंबित सभी प्रकरणों का दिसंबर माह तक निराकरण करने और लोकायुक्त आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के लंबित प्रकरणों में जांच प्रतिवेदन शीघ्र ही प्राप्त कर लोकायुक्त को प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिये । उन्होंने उप संचालक कृषि के साथ ही सभी एसडीएम से फसलों की बोनी और उर्वरक का भंडारण, वितरण व उपलब्धता की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि उर्वरक वितरण की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें और किसानों को सुविधापूर्वक उर्वरक उपलब्ध करायें तथा शासन द्वारा उर्वरक की निर्धारित दर 266.50 रूपये से अधिक दर पर उर्वरक का विक्रय किये जाने पर संबंधित के विरूध्द कड़ी कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें ।

### हिंदी साहित्य परिषद का गठन...

## रोशनी इवनाती अध्यक्ष, सपना विश्वकर्मा उपाध्यक्ष बनी



छिंदवाड़ा ! राजमाता सिंधिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा, प्राचार्य डॉ. अजरा एजाज के निर्देशन में हिन्दी विभाग में , विभाग के अध्यक्ष प्रो.सीताराम शर्मा के मार्गदर्शन में और डॉ.विजय कलमधार के संयोजन में हिंदी साहित्य परिषद का गठन हुआ है । जिसमें अध्यक्ष-रोशनी इवनाती, उपाध्यक्ष - सपना विश्वकर्मा,सचिव-पूनम कुडोपा, सह सचिव-करुणा बेलिया, कोषाध्यक्ष- नर्मदा विश्वकर्मा , करुणा बेलिया,उपकोषाध्यक्ष- आरती पहाड़े,तथा सदस्य के रूप में इंद्रिका धुर्वे, श्यामकली उईके,पूजा यादव,कामिनी प्रजापति,रानी डेहरिया,आयुषी कसार को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है । साथ ही विभाग की विभिन्न गतिविधियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। विभाग के सभी सम्मानित सदस्य डॉ. ढालसिंह गौतम, डॉ . छविनम श्रीवास्तव,श्री शोभाराम जम्होरे, श्रीमती रेणुका पोफली,श्रीमती प्रियंका पाठक,श्रीमती नीता वर्मा और अधिक संख्या में एम.ए. प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं उपस्थिति रहे !

# मैं रिटायर होने वाला नहीं हूं, आखिरी सांस तक आपके साथ खड़ा हूं: कमलनाथ



**छिन्दवाड़ा।** जिले के संतरांचल क्षेत्र और महाराष्ट्र राज्य से मध्य प्रदेश के दो प्रमुख प्रवेश द्वार सौंसर-पांढुर्ना में मिली कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर दोनों ही विधानसभाओं में आयोजित ऐतिहासिक जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ ने उपस्थित होकर समस्त मतदाताओं, आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार माना। सौंसर में आयोजित धन्यवाद सभा को सम्बोधित करते हुये कमलनाथ ने कहा कि 44 साल पहले मेरे राजनैतिक जीवन की शुरुआत सौंसर से ही हुई थी। तब से हमारे अटूट सम्बंध है और यह सम्बंध चुनावी नहीं है आपने मुझे भरपूर प्यार, बल और शक्ति दी, आपकी इसी ताकत ने मुझे हमेशा कुछ नया करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि- चुनाव परिणामों के बाद अब भाजपा फिर से बड़ी-बड़ी बातें करेगी। अब हमें देखना है कि बिजली का बिल कितना आयेगा, फसलों के क्या भाव मिलेंगे और किसानों के साथ कितना न्याय होगा और मध्य प्रदेश में कितना निवेश आयेगा। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि व्यक्ति को रोजगार और उसकी क्रय शक्ति आर्थिक गतिविधि बढ़ने से होती है। सौंसर इसका उदाहरण है 6 हजार किमी की सड़कों का निर्माण व रेमण्ड सहित अन्य इकाइयों से स्थानीय रोजगार बढ़ा, निवेश आया और निवेश तब आता है जब विश्वास होता है परन्तु वर्तमान में निवेश म.प्र. के लिये एक चुनौती है उन्होंने स्पष्ट कहा कि मंदिर-मस्जिद जाने से बेरोजगारी दूर नहीं होती, इसके लिये योजनायें होनी चाहिये और बेरोजगारी तब दूर होगी जब निवेश आयेगा। मैं आज भी यह कहता हूं कि मैं रिटायर होने वाला नहीं मैं अपने जीवन की आखिरी सांस तक आपके साथ खड़ा हूं।

### लोकसभा जीत कर छिंदवाड़ा का झण्डा दिल्ली में लहराना है: नकुल नाथ

जिले के युवा सांसद नकुलनाथ ने अपने जोशीले अंदाज में कहा कि मैं कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता का दिल से आभार मानता हूं जिनकी मेहनत रंग लाई और हम सातों की सात सीट जीते उन्होंने सौंसर में अपने प्रचार अभियान को लेकर कहा कि मैंने पूर्व में ही विजय चौरे जी से कहा था कि विजय की विजय निश्चित है और आज फिर से विधायक सौंसर से है, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी सौंसर के वोटर है। उन्होंने आगे कहा कि अब तीन माह बाद लोकसभा के चुनाव है और हमें इसी जोश और जुनून के साथ लोकसभा में जीत हासिल कर छिन्दवाड़ा और सौंसर का झण्डा दिल्ली में लहराना है।



# हाऊस ड्रेस पाकर खुशी से झूम उठे बच्चे

## अब शासकीय स्कूल के बच्चे भी हाउस ड्रेस पहनकर आयेगे स्कूल



**छिंदवाड़ा।** शासकीय प्राथमिक शाला शिक्षक नगर छिंदवाड़ा में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के द्वारा शाला में दर्ज 60 बच्चों को हाउस ड्रेस प्रदान किए गए ।जिससे बच्चों में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों की तरह बुधवार एवं शनिवार के दिन अपने हाउस के हिसाब से ड्रेस पहन कर आने के लिए अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया। इस कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुचिता राठी सचिव श्रीमती सरोज अग्रवाल एवं श्रीमती अंजलि नायक जी श्रीमती सारिका अग्रवाल बाल विकास समिति प्रमुख ऋतु राठी एवं ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ध्यान का प्रदर्शन किया गया ।कार्यक्रम में समाज सेवी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विनोद तिवारी एवम बी.आर.सी. अजय केकतपुरे , बी.ए.सी गजेंद्र ठाकुर ,बी.ए.सी श्रीमती पूजा श्रीवास्तव के साथ ही शाला परिवार की ओर से प्रधानपाठिका श्रीमती वीणा मसराम एवं श्रीमती श्वेता शर्मा एवं एस.एम.सी अध्यक्ष श्रीमती जमना नायकवार और बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित हुए । इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्रीमती सुचिता राठी ने कहा की हमारा सौभाग्य है की समाज की ओर से हमने आज इन स्लम्स एरिया में रहने वाले एवम शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए निजी स्कूल की भाती उन्हे सप्ताह में दो दिन हाउस के हिसाब से ट्रेकसूट पहनकर आ पाएंगे इसी लिए हमने निशुल्क ट्रेकसुट का वितरण आज किया है । बीआरसी अजय केकत पूरे ने शिक्षा विभाग की और से अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल को धन्यवाद ज्ञापित करते है आप जैसे दानवीर लोगो के कारण सब संभव हो पाया है। समाजसेवी विनोद तिवारी ने कहा की शिक्षक कालोनी के शासकीय प्राथमिक स्कूल सभी के लिए आदर्श है यह के प्रबंधन एवम शिक्षको के अथक प्रयासों से बच्चो को अध्यापन हेतु किसी बड़े प्रायवेट स्कूल की भाती सारी सुविधाएं उपलब्ध है ये बच्चे डेकस बेंच पर बैठकर अध्यापन करते है इन बच्चो के पास आई डी कार्ड,सहित पुस्तके कॉपी स्कूल बैग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री निशुल्क मिली है इन्हे अच्छी शिक्षा देने का कार्य भी यह की प्रधान पाठिका श्रीमती मसराम जी एवम श्वेता शर्मा जी सहित अन्य शिक्षिका दे रही है उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

# मध्यप्रदेश में बिना लाइसेंस के नहीं बेच सकेंगे दूध

भोपाल। मध्यप्रदेश में दूध बेचने के लिए अब लाइसेंस की जरूरत पड़ेगी। बिना लाइसेंस के दूध बेचने पर कार्रवाई की जाएगी। जबलपुर, इंदौर, भोपाल और ग्वालियर समेत पूरे मध्यप्रदेश में बिना लाइसेंस और हल्ष्ट के धंधा कर रहे दूध विक्रेताओं के खिलाफ नागरिक उपभोक्ता मंच के डॉ. पीजी नजपाण्डे ने जनहित याचिका लगाई गई थी द्य जिसमें पिछली सुनवाई के निर्देश अनुसार आज सरकार ने शपथ पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।



**बिना लाइसेंस के दूध बेचने पर होगा एक्शन–** याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पिछली सुनवाई में आपत्ति दर्ज की गई थी कि सुनवाई के बाद शासन द्वारा अवैध विक्रेताओं पर लगातार कार्रवाई नहीं की जाती है। इसके बाद माननीय न्यायालय ने मध्यप्रदेश सरकार को शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए थे। आज शासन की ओर से शपथ पत्र पेश कर बताया गया कि पिछले 5 सालों में लगभग 2 हजार लोगों को अवैध दूध व्यापार के लिए दंडित किया जा चुका है और आगे भी ये कार्रवाई सतत चलती रहेगी।

**8 सालों से चल रही कवायद, नहीं रुक पा रही मनमानी–** जबलपुर सहित अन्य जिलों मे भी अवैध दूध वेंडरों को रोकने की कोशिश लगातार की जाती रही है। कुछ समय के बाद प्रशासन की ओर से ढुलमुल रवैया अपना लिया जाता है, जिसका फायदा बिना लायसेंस के दूध बेचने वालों को होता है द्य 8 साल पहले भी तत्कालीन जबलपुर कलेक्टर महेश चंद्र चौधरी ने डेयरी संचालकों के दूध के दाम 46 रुपए लीटर कर देने के बाद वेंडरों पर नकेल कसने की तैयारी की थी और कलेक्टर महेश चंद्र चौधरी ने निर्देश जारी किए थे कि आने वाले समय में जितने भी वेंडर हैं, उन्हें लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

### आज भी हाल जस के तस

तत्कालीन कलेक्टर महेश चंद्र चौधरी के मुताबिक दूध विक्रेता बिना लाइसेंस के दूध नहीं बेच सकेंगे और सभी वेंडरों का पंजीयन भी कराना अनिवार्य होगा। तब ये भी कहा गया था कि आने वाले समय में जनता को राहत मिलेगी पर आज भी हाल जस के तस बने हुए हैं द्य ऐसे में न्यायालय के आदेश और जनहित याचिका से प्रदेश के उपभोक्ताओं को न्याय की आस बंध रही है।

### अगस्त 2011 में केंद्र सरकार ने लागू किया था ये एक्ट

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत 12 लाख से ज्यादा टर्नओवर वाले कारोबारियों को लाइसेंस और इससे कम वालों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिन दुकानदारों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है, उनमें सभी प्रकार के कैटर्स, राशन दुकान, फुटकर खाद्य विक्रेता, वितरक, खाद्य आयातक, निर्यातक, सभी भोजनालय, होटल, रेस्टोरेंट, कैंटीन, हलवाई, ट्रांसपोर्टर्स, खाद्य प्रोसेसिंग इकाइयां, किराना स्टोर, फल, सब्जी, दूध विक्रेता, चाय, नाश्ता की दुकानें, आईसक्रीम पार्लर, मीट की दुकान, चाट दुकान, पान गुमटी, वेयर हाउस, रेस्टोरेंट, कैंटीन, होटल संचालन, आटा चक्की, मध्यान्ह भोजन पकाने वाले समूह, मसाला उद्योग, दूध विक्रेता आदि शामिल हैं।

### दूध विक्रेता कैसे बनवाएं लाइसेंस

एफएसएसएआई के पोर्टल पर जाएं, फूड लाइसेंस पोर्टल पर व्यक्ति और व्यवसाय का नाम भरें, ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बर दें, व्यवसाय की प्रकृति का चयन करें, अपने पते सहित अन्य जानकारियां भरकर निर्धारित शुल्क जमा करें।



**उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आज स्पीकर नरेंद्र तोमर से मुलाकात की।**



**उपमुयमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने पूर्व गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा से सौजन्य भेंट की।**

## कान्हा सैया में चल रहा एनसीसी का प्रमाणपत्र तैयारी शिविर



भोपाल। एनसीसी संचालनालय व ग्रुप मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसर 4 एमपी एनसीसी बटालियन द्वारा सी.ए.पी.टी कान्हासैया में अयोजित किया जा रहा है। इस कैम्प में 2024 में होने वाली एनसीसी ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ कैंप में छात्र/छात्राओं को भारतीय फौज की विभिन्न गतिविधियाँ जैसे फायरिंग,ड्रिल,आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा एवं शारीरिक दक्षता, मैपरीडिंग और व्यक्तित्व विकास आदि के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप कमांडेंट कर्नल अजय कोहली ने समस्त एनसीसी कैडेट्स को भारतीय फौज में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया और युवा एनसीसी कैडेट को मार्गदर्शन किया तथा भविष्य में चुनौतियाँ का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहे व एनसीसी कैडेट को हमेशा राष्ट्र को प्रथम रखने के जज्बे को अमूल व सफलता के लिए महत्वूर्ण बताया।

## हमीदिया अस्पताल की पहल, अंगदान को प्रेरित करेंगे आईसीयू चिकित्सक



भोपाल। राजधानी में अब गांधी मेडिकल कालेज अनूठा प्रयोग करने जा रहा है। इसमें मानव जीवन के लिए अहम भूमिका तैयार की जाएगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। अंगदान कर दूसरों को जीवनदान देने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से अब आईसीयू में काम करने वाले चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की स्थिति को देखते हुए वो मरीज के स्वजनों को काउंसलिंग कर यह चिकित्सक स्वजनों को अंगदान के लिए प्रेरित कर सकेंगे। इस तरह का प्रयोग जीएमसी और हमीदिया अस्पताल में पहली बार नजर आएगे। अस्पताल प्रबंधन की मंशा है कि इससे अंगदान करने वालों की संख्या को बढ़ सकती है। किसी व्यक्ति के अंगदान के निर्णय के बाद प्रबंधन बड़े स्तर पर स्वजनों और अंगदान करने वाले के शव का सम्मान करेंगे। इसे लेकर विशेष प्लान तैयार किया जाएगा। जीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार इसे लेकर वो मुस्कान ग्रुप के साथ चर्चा कर रहे हैं। इसमें मृतक को अस्पताल से फूल बाजों के साथ बड़े अधिकारियों की उपस्थिति में विदाई देने देकर सम्मानित करने के मामले में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### इनका कहना है

मुस्कान ग्रुप के साथ हम मिलकर यह तय कर रहे हैं कि अंगदान को किस तरह से बढ़ाया जा सकता है। इस तरफ हम काम कर रहे हैं। अभी प्राथमिक तौर पर लोगों को प्रेरित करने के आईसीयू के डाक्टरों को प्रशिक्षण देने और मृतक को बैंड-बाजों से विदाई देने पर चर्चा हो चुकी है। अभी इसे आगे भी अपडेट करेंगे। जिसे जीएमसी में लागू भी किया जाएगा।

**– डा. सलिल भार्गव,**
डीन गांधी मेडिकल कालेज भोपाल

## रमा अग्रवाल का निधन



**छिंदवाड़ा।** संघ व एकल अभियान से जुड़ी सुश्री रमा अग्रवाल का आज सुबह निधन हो गया वे 54 वर्ष की थी उनकी अंत्येष्टि में सभी वर्ग के लोगों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सर्वर की सुस्त रफ्तार ने किया परेशान, मुश्किल से खिंच पा रहे लाइसेंस आवेदकों के फोटो



भोपाल। शहर के कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों का पंजीयन कार्ड बनवाने सहित वाहनों की फिटनेस व पंजीयन कराने के लिए आवेदकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण बार-बार परिवहन सारथी व वाहन-चार का सर्वर धीमा चलना है। बीते दो दिनों से लोग परेशान हो रहे हैं। इसके चलते आवेदकों को कतार में लगना पड़ रहा है। सर्वर चलने पर परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के आने वाले किसी एक आवेदक का फोटो खींचने और हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया में एक मिनट लगता हैं। लेकिन सर्वर धीमा चलने से 10 से 15 मिनट लग रहे हैं। मंगलवार को कई आवेदकों काम नहीं हुए। बुधवार को एक-एक करके बड़ी मुश्किल से आरटीओ व स्मार्टचिप कंपनी के कर्मचारियों को काम करना पड़ा। आनलाइन आवेदन करने बाद भी सर्वर धीमा चलने तो कभी बंद होने से लोगों को काम कराने में समय लग रहा है। लोगों की शिकायत है कि एनआइसी से दोनों पोर्टल धीमे चलने लगते हैं, जिससे परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायत करने के लिए एनआइसी का कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी आरटीओ में नहीं मिलता है।

## मप्र में राजगढ़ की रात सबसे सर्द, जबलपुर ग्वालियर में टेम्प्रेचर 10 डिग्री से नीचे

भोपाल। मध्यप्रदेश में सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, गुना और दूसरे शहरों में गुरुवार सुबह कोहरा-धुंध रही। 8 बजे या इसके बाद धूप खिली भी तो चमक फीकी रही। उत्तर भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से मध्यप्रदेश के कई शहरों में अगले दो दिन 14-15 दिसंबर को बादल छाएंगे।

प्रदेश में लगातार दूसरे दिन सबसे ठंडी रात राजगढ़ की रही। यहां बुधवार रात पारा 6.8 डिग्री दर्ज हुआ। पचमढ़ी में यह 8.4 रहा। मंगलवार रात राजगढ़ में सबसे कम 7.6 डिग्री तापमान रहा था। नौगांव में 8, रीवा में 8.6, सीधी में 9, जबलपुर में 9.1, मंडला में 9.2, ग्वालियर में 9.3, रायसेन, सतना और मलाजखंड में 9.4, दतिया में 9.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 14.8 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

बुधवार को दिन में रायसेन, पचमढ़ी और मलाजखंड सबसे ठंडे रहे। यहां दिन का टेम्प्रेचर 22-23 डिग्री के बीच ही रहे। भोपाल में अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री, इंदौर में 25.2 डिग्री, ग्वालियर में 26.6 डिग्री, उज्जैन में 25.5 डिग्री और जबलपुर में 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

**हलके बादल छायेंगे–** मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया, उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से मध्यप्रदेश में भी हल्के बादल रहेंगे। हालांकि, बादल काफी ऊंचाई पर है। इसलिए बारिश की संभावना नहीं है। बादल की वजह से दिन में भी ठंडक रहेगी। वेस्टर्न डिस्टरबेंस गुजरने के बाद ठंड का असर फिर से बढ़ सकता है।



**भोपाल में ठंड बढ़ी, हलकी धुंध–** भोपाल में गुरुवार सुबह हल्की धुंध रही। 7 बजे के बाद धूप खिली, लेकिन चमक फीकी रही। सर्द हवाएं ठिठुरन बढ़ाए हुए हैं। बुधवार रात पारा 11.2 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि मंगलवार को इस सीजन की सबसे सर्द रात रही। न्यूनतम तापमान 11डिग्री पहुंच गया था। पिछले 10 दिन की बात करें तो 7 दिन अधिकतम तापमान 26 डिग्री डिग्री के नीचे ही रहा है, जबकि रात का पारा 11 डिग्री के आसपास चल रहा है। दिसंबर का सामान्य औसत अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री है, जबकि औसत न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस है। वर्तमान में दिन-रात दोनों में ही तापमान सामान्य से कम हैं। आज 14 और कल 15 दिसंबर को बादल छाने का अनुमान है। ऐसा उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से होगा। ऐसे में दिन का तापमान 25 डिग्री के नीचे आ सकता है। वहीं, रात में पारा 11-12 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

## मप्र विधानसभा में विजिटर्स की होती है तगड़ी चेकिंग, जूते-चप्पल भी उतरवा लिए जाते हैं बाहर



भोपाल। देश की राजधानी दिल्ली में संसद पर आतंकी हमले की बरसी के दिन ही दो-तीन युवक सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए जिस तरह लोकसभा की दर्शक दीर्घा में पहुंच गए और फिर वे सदन में कूदकर स्मोक बम सरीखी सामग्री से धुआं छोड़ने में समर्थ हो गए, उससे देशभर में हड़कंप मचा है। इस घटना से संसद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठ गए हैं।

बहरहाल, इस संदर्भ में अगर मप्र विधानसभा में सुरक्षा के इंतजामों को देखें तो यहां कोई भी बाहरी व्यक्ति बगैर पास या परिचय पत्र के प्रवेश नहीं कर सकता है। पूरे विधानसभा परिसर में सुरक्षा के लिए विशेष बल तैनात रहता है। इसके अलावा जब विधानसभा का सत्र चल रहा होता है तो उस वक्त अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की भी तैनाती की जाती है। इसमें जिला पुलिस बल का भी सहयोग लिया जाता है।

### विजिटर्स के लिए ऐसी है व्यवस्था

मप्र विधानसभा में विजिटर्स के लिए विधानसभा सचिवालय द्वारा पास जारी किया जाता है। यह पास किसी विधायक या अन्य गणमान्य व्यक्ति की अनुशंसा पर ही जारी किया जाता है। इसके अलावा विधानसभा में प्रवेश करने के लिए विजिटर्स के पास वैध पहचान पत्र होना चाहिए। पास में बाकायदा इस बात का उल्लेख होता है कि संबंधित व्यक्ति अध्यक्षीय दीर्घा समेत किस दीर्घा में जाकर बैठ सकता है।

### दो जगह सुरक्षा जांच

विधानसभा में पहुंचने वाले विजिटर्स को दो जगहों पर सुरक्षा जांच से गुजरना होता है। पहले तो गेट तैनात सुरक्षाकर्मी उनकी चेकिंग करते हैं। इसके बाद दीर्घा में प्रवेश से पहले उनकी चेकिंग होती हैं। यहां उनके जूते-चप्पल उतरवा लिए जाते हैं। उनका मोबाइल भी बाहर ही रखवा लिया जाता है। यहां तक कि विजिटर्स खाने-पीने की सामग्री लेकर भी दीर्घा में प्रवेश नहीं कर सकते।

## युवक ने कमरे में लगाई फांसी, मरने से पहले मां के साथ बैठकर किया था भोजन

भोपाल। शहर के कटारा हिल्स इलाके में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव परिजन को सौंप दिया गया है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरूआती जांच में पता चला है कि युवक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली थी।

पुलिस के मुताबिक राहुल वासनिक (30) लहारपुर कटारा हिल्स में रहता था। परिवार में माता-पिता के अलावा भाई और भाभी हैं। राहुल कई सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था, लेकिन उसे नौकरी नहीं मिली थी। मंगलवार सुबह करीब ग्यारह बजे उसने मां के साथ खाना खाया और फिर अपने कमरे में चला गया। इस बीच मां घर के बाहर धूप में बैठी हुई थी। दोपहर के समय मां राहुल के कमरे में पहुंची तो फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अनुमान है कि बेरोजगारी से तंग आकर उसने यह कदम उठाया होगा। हालांकि सही कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

**पिपलानी में युवती ने की खुदकुशी–** इधर, पिपलानी में एक युवती ने घर में फांसी लगा ली, वह अपनी बहनों के साथ भोपाल में रहती थी। सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण उसके जान देने का कारण सामने नहीं आ सका है। मूलतः रायसेन जिले की रहने वाली 18 वर्षीय मुस्कान ठाकुर एक धागा फैक्ट्री में काम करती थी, मंगलवार को उसने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी एक बहन दूसरे कमरे में थी और दूसरी बहन पिता के साथ रायसेन चली गई थी।

## इंदौर सांसद से 20 फीट दूरी पर टेबल पर कूदा युवक, मोजे से कलर बम निकाला तो डरे सभी सांसद, बंदूक या बम तो नहीं निकाला

इंदौर। करीब 20-25 फीट दूरी पर ही युवक टेबल पर कूद रहा था। जब मोजे से कलर पटाखा निकाला तो हम सांसद डरे कि कहीं यह बंदूक या बम तो नहीं निकाल रहा है। ये आंखों देखा हाल बताया इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने जो संसद पर हमले के वक्त वहीं मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पूरा घटनाक्रम करीब 3-4 मिनट चला था।



**बस लंच के लिए जाने ही वाले थे कि ये हुआ–** सांसद लालवानी ने बताया कि मेरे पास में ही सांसद का सवाल चल रहा था। हम लोग बस इसे खत्म कर लंच के लिए जाने वाले थे। इसी बीच एक युवक विजिटर गैलरी जो करीब 10-12 फीट ऊंची होगी, वहां से कूदा और टेबल पर कूदकर आगे बढ़ने लगा। इसी बीच उसका एक पैर टेबल पर फंस गया और इसी बीच सुरक्षा मार्शल और कुछ सांसदों द्वारा घेर लिया गया। इसी दौरान एक युवक ने दूसरे युवक को हाथ से पकड़कर नीचे उतार दिया और वो भी सदन में आ गया, जिसे सुरक्षा गार्ड ने पकड़ा। हम लोग भी उस ओर आगे बढ़े तो रोक दिया गया, क्योंकि सुरक्षा का खतरा था, पता नहीं था कि उसके पास क्या था ?

**मोजे से फिर निकाला कलर बम और फोड़ा–** सांसद ने बताया कि इसी हंगामे के दौरान एक युवक ने मोजे से कलर बम, पटाखा निकाला और फोड़ दिया, उस पल सभी को डर था कि कोई हथियार बंदूक, बम तो नहीं निकाल रहा है। इस दौरान सुरक्षाकर्मी सभी सांसदों को उनसे दूर रहने के लिए कहने लगे और बाहर जाने का बोला गया। सांसद लालवानी ने बताया कि हम भी युवक की ओर जा रहे थे तभी सुरक्षा गार्ड ने रोक दिया और इसी दौरान धुआं हो गया।

### ये हुआ घटनाक्रम

संसद में 2 युवक विजिटर गैलरी से कूदे और पीले रंग का धुआं उड़ाने लगे। सुरक्षा में सेंध लगाने वाले दोनों लोगों को पहले सांसदों ने पीटा फिर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अभी तक की जांच में इस सिक्योरिटी ब्रेक के 6 किरदार सामने आए हैं। 2 ने सदन में हंगामा किया, 2 ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। ये चारों पुलिस की गिरफ्त में हैं।

### प्रदर्शनकारी कहां के हैं ?

संसद में हंगामा लखनऊ के सागर शर्मा और मैसूर के डी मनोरंजन ने किया। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि सागर शर्मा यूपी के लखनऊ का रहने वाला है। डी मनोरंजन कर्नाटक के मैसूर से है। संसद के बाहर पकड़ी गई नीलम हरियाणा के हिसार की है। चौथा आरोपी अमोल शिंदे महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है। सागर शर्मा और डी मनोरंजन लोकसभा में विजिटर गैलरी में बैठे थे। उन्हें बीजेपी सांसद प्रताप सिम्हा के कार्यालय से जारी पास पर एंट्री मिली थी। जब समय सागर और मनोरंजन लोकसभा में हंगामा कर रहे थे, उसी वक्त अमोल और नीलम संसद के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे थे।